# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025



# NABH से पूर्ण मान्यता प्राप्त,1500 बिस्तरों का मध्य भारत का सबसे बड़ा श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अब आम लोगों की पहुंच में

अस्पताल में मौजूद है 480 पूर्णकालीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम | 350 आईसीयू, 180 प्राईवेट वार्ड, 20 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर | छत्तीसगढ़ का पहला लीवर ट्रांस्प्लांट सेंटर, एवं उत्कृष्ट किडनी ट्रांस्प्लांट सेंटर एवं रोबोटिक सर्जरी | मेडिकल कॉलेज में 150 एमबीबीएस सीट एवं 66 पीजी सीट एवं 100 सीट का डेंटल कॉलेज एवं 100 डेंटल चेयर का हॉस्पिटल | 23 एकड़ में शहर के मध्य में स्थित हॉस्पिटल

## अब पूरा हुआ सपना - इंडिया लेवल का एफोर्डेबल हॉस्पिटल, आपके छत्तीसगढ़ में!

2009 मे देखा गया सपना - उच्च गुणवत्ता, बेहतरीन इफ्रास्ट्रक्चर और वरिष्ठ डॉक्टरो के साथ CMC वेल्लूर जैसी स्वास्थ्य सुविधा अब आपके लिए साकार।



डॉ. नीता नायक
मैनेजिंग डायरेक्टर

डॉ. देवेंद्र नायक
चेयरमैन

2009 में जब श्री बालाजी अस्पताल की नींव रखी गई, तब रायपुर में गिने-चुने अस्पताल ही मौजूद थे और इलाज के लिए मरीजों को मेट्रो शहरों का रूख करता पड़ता था. यही कारण है कि अस्पताल के चेयरमैन डॉ देवेंद्र नायक ने एक सपना देखा, कि राजधानी रायपुर में ही सीएमसी वेल्लूर की तर्ज पर मरीजों को उसी गुणवत्ता वाला ट्रीटमेंट मिल सके, जिसके लिए उन्हें अपने प्रदेश और शहर से कही और भटकना न पड़े. यही कारण है साल-दर-साल मरीजों की सेवा के साथ-साथ अस्पताल का विस्तार होता गया. डॉ देवेंद्र नायक के सपने के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ-साथ श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज का अस्पताल इंफ्रास्ट्रक्चर का कॉम्पीटिशन आज किसी भी निजी अस्पताल से नहीं है. इस सपने में सबसे प्रमुख ये था कि अस्पताल में पूरा इलाज मरीज का आयुष्मान कार्ड से हो और उन्हें कोई खर्चा न लगे. आज 1500 बिस्तरों के साथ-साथ श्री बालाजी ग्रुप का अपना मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल कॉलेज मौजूद है.



### श्री बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर में कैशलेस ऑपरेशन और इलाज की सुविधा

## आयुष्मान कार्ड से कैशलेस हो रहे सभी ऑपरेशन, गंभीर से गंभीर बीमारियों का आईसीयू में आयुष्मान से इलाज

**बगैर कोई अतिरिक्त शुल्क आयुष्मान कार्ड से हो रहे हैं**

- सबसे एडवांस फिलिप्स 5 -F 12 कैथ लैब से एंजियोप्लास्टी
- कार्डियक बाईपास सर्जरी , वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी
- डायलिसिस
- लिवर ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट
- बच्चो की जन्मजात विकृति जैसे दिल में छेद क्लब फुट, कटे होंठ एवं तालु की सर्जरी

- रोबोटिक सर्जरी न्युन्यतम दरों में
- एंजियोग्राफी -9,999/- में
- घुटना प्रत्यारोपण (टी केआर) - 75,000/- में
- कुल्हा प्रत्यारोपण (टी एच आर) 75,000/- में

रायपुर। अगर आप किसी बीमारी से जूझ रहे हैं और डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करवा पा रहे हैं, तो अब घबराने की जरूरत नहीं। बस आयुष्मान कार्ड लेकर रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल आइए, जहां सभी तरह की सर्जरी बिना किसी शुल्क के की जाती हैं। अस्पताल में 20 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर मौजूद है, जहां किडनी ट्रांस्प्लांट, लीवर ट्रांस्प्लांट, रोबोटिक सर्जरी, ओपन हार्ट सर्जरी, बाईपास सर्जरी, गेस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, ट्रामा सर्जरी समेत सभी प्रकार के ऑपरेशन आत्याधुनिक पद्धति से विशेषज्ञों द्वारा किए जाते है सभी सर्जरी आयुष्मान कार्ड के तहत कैशलेस होती हैं (गवर्नमेंट रिजर्व पैकेज के अतिरिक्त)।

350-बेड के अत्याधुनिक आईसीयू में 24 घंटे 25 इंटेंसिविस्ट और सेंट्रल इंडिया के सबसे सीनियर डॉक्टरों की निगरानी में मरीजों का इलाज होता है। सभी आईसीयू अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त हैं। 102 वेंटीलेटर के साथ इकमो मशीन एवं आईसीयू मे डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध है. अस्पताल मे 60 डायलिसिस मशीन एवं सीआरआरटी (कंटीन्यूअस रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी ) डायलिसिस के साथ डायलिसिस का बड़ा सेटअप है। श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मध्यप्रदेश और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं और आयुष्मान योजना का पूरा लाभ ले रहे हैं - बिना किसी खर्च के, पूरी देखरेख के साथ।











### सभी जांच प्रचलित मार्केट दर से आधे रेट में

## CT स्कैन सिर्फ ₹1550, MRI ₹3150, सोनोग्राफी ₹530 से शुरू

सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, एमआरआई, ईको, टीएमटी, एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी सहित तमाम जांचें सामान्य दरों से आधी कीमत पर की जा रही हैं। ईसीजी, ब्लड शुगर और खून की अन्य जांचें भी अब किफायती कीमत पर करवाई जा सकती हैं। अस्पताल में सभी जांच मार्केट रेट की तुलना में लगभग 50% कम दर पर उपलब्ध हैं।

| जांच | मार्केट रेट | डिस्काउंट रेट |
| --- | --- | --- |
| सोनोग्राफी | ~~₹1060~~ | ₹ 530 |
| सीटी स्कैन हेड | ~~₹ 3100~~ | ₹ 1550 |
| एम आर आई हेड | ~~₹ 6300~~ | ₹ 3150 |
| एक्स-रे | ~~₹ 360~~ | ₹ 180 |
| मैमोग्राफी | ~~₹ 1780~~ | ₹ 890 |
| ई सी जी | ~~₹ 230~~ | ₹ 115 |
| इको | ~~₹ 1600~~ | ₹ 800 |
| टीएमटी | ~~₹ 4600~~ | ₹ 800 |
| एंडोस्कोपी | ~~₹ 1500~~ | ₹ 750 |
| कोलोनोस्कोपी | ~~₹ 3000~~ | ₹ 1500 |



## 100 सीट डेंटल कॉलेज के साथ वर्ल्ड क्लास डेंटल हॉस्पिटल

### इस वर्ष (2025 -26 ) के लिए बीडीएस में एडमिशन शुरू होगा



रायपुर. अगर आप अपने दांतों का महंगे ट्रीटमेंट को लेकर परेशान है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. क्योंकि अब 100 सीटों का रायपुर का पहला प्राईवेट डेंटल कॉलेज जल्द शुरू होने वाला है. इसके साथ ही 100 डेंटल चेयर के साथ यहां दांतों का इलाज रियायती दरों पर होगा. बता दें कि यहां 25 दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद है.

श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में मरीजों को रियायती दरों पर दांतो का इम्प्लांट, हर प्रकार की सर्जरी, दांतो का रूट केनाल ट्रीटमेंट, बुजुर्गों के दांतो की बत्तीसी समेय हर प्रकार का इलाज नई तकनीक से लेस है. डेंटल कॉलेज में वर्ष 2025 -26 की एडमिशन करने या अधिक जानकारी के लिए फ़ोन नंबर 9201641001 मे संपर्क कर सकते है।

## आंख, स्किन और इमरजेंसी इलाज - श्री बालाजी हॉस्पिटल में पूरी तरह निःशुल्क

रायपुर के श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब रेटिना सर्जरी आयुष्मान कार्ड से कैशलेस की जा रही है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी पूरी तरह निःशुल्क है। स्किन डिपार्टमेंट में ओपीडी और सभी ट्रीटमेंट जैसे झाइयां, मास्सा, टैटू रिमूवल, PRP, हेयर रिडक्शन, स्किन बायोप्सी आदि पूरी तरह मुफ्त हैं। यहां 10 विशेषज्ञ डॉक्टर और लेजर, पिको लेजर, फोटोथैरेपी जैसी आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। अस्पताल में 30 बिस्तरों वाला इमरजेंसी वार्ड है, जहां ट्रॉमा व एक्सीडेंट केसों का इलाज 24x7 आयुष्मान कार्ड से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के किया जाता है।

## सभी विभागों में निःशुल्क ओपीडी

**स्पेशलिटी विभाग में 100 रु और सुपर स्पेशलिटी विभाग में पंजीयन 500 रु में 1 साल के लिए**

बीपी-शुगर, किडनी डायलेसिस, हार्ट के मरीज, कैंसर के मरीज, बच्चों के रूटीन चेकअप और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा हो रहा इसका लाभ | रोजाना 2000 से अधिक मरीज ओपीडी मे ले रहे इसका लाभ



श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब मरीजों को ओपीडी में डॉक्टर से चेकअप कराने के लिए बार-बार फीस देने की जरूरत नहीं है. साल में एक बार उन्हें मात्र 100 रुपए का एक बार पंजीयन कराना होगा. इसके बाद वे साल भर तक डॉक्टर से निःशुल्क परामर्श ले सकेंगे. अस्पताल में सभी स्पेशियालिटी विभाग जैसे मेडिसीन विभाग, सर्जरी विभाग, हड्डी रोग विभाग, स्त्री रोग विभाग, शिशु रोग विभाग, मनोरोग विभाग, नाक-कान-गला विभाग, दंत रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, चर्म रोग विभाग में इस योजना का लाभ मरीज जितनी बार चाहे सालभर तक ले सकेंगे. अस्पताल में सुपर स्पेशियालिटी विभाग जैसे ह्रदय रोग विभाग, न्यूरोलॉजी, किडनी रोग विभाग, कैंसर विभाग, मूत्र रोग विभाग, रेस्पिरेटरी मेडिसिन , गठियावात रोग विभाग में डॉक्टर परामर्श के लिए मरीजों को साल में एक बार सिर्फ 500 रुपए का पंजीयन शुल्क देना होगा. इसके बाद सारे स्पेशियालिटी और सुपर स्पेशियालिटी विभागों में 1 साल तक उन्हें परामर्श लेने के लिए डॉक्टरों को कोई शुल्क नहीं देना होगा. यही कारण है कि अस्पताल में रोजाना 2000 से अधिक मरीज इस योजना का लाभ लेने के लिए पहुंच रहे है.

डॉ देवेंद्र नायक कहते है कि बीपी-शुगर, किडनी डायलेसिस, हार्ट के मरीज, कैंसर के मरीज, बच्चों के रूटीन चेकअप और बुजुर्गों को लगातार डॉक्टर से परामर्श के लिए नियमित हॉस्पिटल जाना पड़ता है. जिससे मरीजों की शिकायत होती है कि जितनी भी बार वे अस्पताल जाते है उन्हें चार्ज लगता है. इसी समस्या को देखते हुए हमने ये सुविधा पिछले वर्ष से शुरू की है और ये निरंतर अस्पताल में जारी रहेगी.

## कैंसर मरीजों के लिए वरदान बनेगा श्री बालाजी हॉस्पिटल

### आयुष्मान कार्ड से होगा कीमोथैरेपी, सर्जरी और रेडिएशन



रायपुर स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में 1 अगस्त 2025 से कैंसर का पूरा इलाज आयुष्मान कार्ड से पूरी तरह कैशलेस होगा। अस्पताल में 150 बेड और 30 ICU वाला विशेष कैंसर वार्ड तैयार है। मरीजों को पेट सीटी स्कैन, कीमोथैरेपी, इम्यूनोथैरेपी, रेडिएशन, सर्जरी और ब्रैकी थैरेपी जैसी सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। यहां TRUE BEAM और HALCYON जैसी आधुनिक रेडिएशन मशीनें लगाई जा रही हैं, जो ट्यूमर के आकार के अनुसार सटीक और सुरक्षित रेडिएशन देंगी। इन मशीनों में 3DCRT, IMRT, IGRT और Rapid Arc जैसी तकनीकें भी मौजूद होंगी। यह नया कैंसर यूनिट छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए बिना खर्च के आधुनिक इलाज का एक भरोसेमंद केंद्र बनने जा रहा है।

## गर्भवती महिलाओं की होती है नि:शुल्क डिलीवरी, नहीं लगता कोई चार्ज

### अब तक हो चुकी है 1300 से अधिक नि:शुल्क डिलीवरी



रायपुर स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल देश का संभवतः एकमात्र ऐसा प्राइवेट अस्पताल है जहां नॉर्मल और सिजेरियन डिलीवरी पूरी तरह निःशुल्क होती है। जनरल वार्ड में 5 दिन तक रुकना और गर्भावस्था के दौरान की जाने वाली जांचें भी मुफ्त हैं। अस्पताल की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष बताती हैं कि सामान्य ही आयुष्मान कार्ड से डिलीवरी पैकेज हटा दिया गया है, लेकिन श्री बालाजी हॉस्पिटल में बिना किसी शर्त के हर महिला को यह सुविधा मिलती है। अंतिम समय में पहुंचने वाली महिलाओं को भी इसका लाभ मिलता है। अब तक 1300 से अधिक महिलाओं ने इस सेवा का लाभ लिया है। जिनमें छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा और मध्यप्रदेश की महिलाएं भी शामिल हैं। यहां क्वालिटी और सुविधा में कोई समझौता नहीं होता, इसलिए मां और बच्चों को कभी दूसरे अस्पताल रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ती।

## श्री बालाजी हॉस्पिटल में बच्चों के लिए मुफ्त इलाज और टीकाकरण





रायपुर के श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब नवजात बच्चों की सभी जरूरी जांचें पूरी तरह निःशुल्क की जा रही हैं वहीं टीकें जो सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर दिए जाते हैं, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 से 5 बजे तक सेवा उपलब्ध है। शिशु रोग विभाग की ओपीडी भी पूरी तरह फ्री है। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड से बच्चों के सभी इलाज और ऑपरेशन भी यहाँ कैशलेस किए जाते हैं। जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क डे केयर ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा भी उपलब्ध है।

**मोवा, रायपुर (छत्तीसगढ़) फोन : 93400 19842, 73891 16903, 99261 91294, 0771-4241000/01/02**


Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एंड कॉलेज
NABH
1500 बेड से अधिक NABH से मान्यता प्राप्त
देश के चुनिंदा हॉस्पिटलों में से एक
PET SCAN
CEILING MOUNTED ADVANCE PHILIPS 5C-12 CATH LAB
ROBOTIC SURGERY
TRUE BEAM LINEAR ACCELATOR
640 SLICE MDCT
ECMO
CENTRE OF EXCELLENCE HOSPITAL
340 BEDDED ICU
ROBOTIC JOINT REPLACEMENT
LIVER TRANSPLANT
CRRT DIALYSIS
KIDNEY TRANSPLANT
MRI 3.0 TESLA
200 बिस्तरों का
बी सी आर हॉस्पिटल ज़ोरा रायपुर
200 बिस्तरों का
श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़
ADMIN PANEL
हमारे प्रेरणा स्रोत
श्री आर.के. नायक | श्रीमती सत्यवती नायक
Dr. Birendra Patel Director
CA Nitin Patel Director
Dr. Pushpendra Naik Director
Dr. Tejash Naik Director
Bhojram Patel Director
Shobhendra Patel Director
Ajay Wadhwani Director
Dr. Kuldeep Singh Chabda Chief Medical Administrator
Dr. Deepak Jaiswal Medical Superintended
Heemanshu Sahu CEO
Dr. Rampukar Patra Assistant Medical Superintended
Gajanand Patel Corporate Manager
Santosh Nayak Manager Diagnostic
Dr. Ragvendra Barik Endoscopic Incrge DOT
Dr. Prakash Mishra Managing Director Shri Balaji Metro Hospital Raigarh
Dr. Prabhat Patel Director Shri Balaji Metro Hospital Raigarh
Indrapal Juneja Director BCR Hospital, Jora Raipur
Amarjeet Singh Saluja Director BCR Hospital, Jora Raipur
Chanbir Singh Juneja Director BCR Hospital, Jora Raipur
DR. VISHNU DUTT Dean Shri Balaji Medical College
DR. MANIK CHATTERJEE Academics Dean Shri Balaji Medical College
DR. UMESH C. TIWARI MS,(Ophthalmology) Medical Superintendent
DR. PRAFULLA AGNIHOTRI MD Anesthesia, Executive Director ICU, Critical Care
DR. LUNIK YADU MS, Orthopaedics Executive Director
DR. ANIL KUMAR DUBEY MS, Mch, (Paediatric Surgery) Executive Director
DR. NEERJA AGRAWAL MD,(OBS & GYN) Executive Director
DR. KAMLAKANT BHOI MD, DM Neurology Executive Director
DR. SAINATH PATTEWAR MD,D.N.B. (Nephrology) Executive Director
DR. ANIL GHOM Dean Shri Balaji Dental College
Mr. Dinesh Kumar Tripathi Admin Shri Balaji Metro Hospital Raigarh (C.G.)
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 9399729216, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025


## वित्तमंत्री ओपी चौधरी के साथ हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

# छत्तीसगढ़ अंजोर विजन बनाने के लिए तीन करोड़ जनता के बीच गए, एक लाख से ज्यादा सुझाव भी मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए विजन 2047 तय किया है। उसी तरह से हमने भी विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 बनाया है। इसको बनाने से पहले प्रदेश की तीन करोड़ जनता के बीच अलग-अलग माध्यमों से गए हैं। एक लाख सुझाव भी आए हैं। इन सबके बाद ही हमने विजन 2047 तैयार किया है। ये बातें प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सार्थक संवाद में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक के साथ बातचीत में कहीं। प्रस्तुत है बातचीत के अंश।

- **छत्तीसगढ़ के लिए विजन 2047 आपके दिमाग में कहां से आया?**
- विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जब हमारी सरकार बनी और जो बजट प्रस्तुत किया गया, उस समय लगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 विजन की बात कर रहे हैं। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, उस समय किस तरह का भ्रष्टाचार था, उस समय विजन नाम की कोई चीज नहीं थी। विपक्ष में रहते हुए मुझे लगता था हमारे छत्तीसगढ़ का क्या होगा। हमारी सरकार बनने के बाद हमने पहला बजट पेश किया तो हमने उसी समय तय किया, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम एक 2047 का विजन डॉक्यूमेंट बनाएंगे।

### विकसित छग के लिए अंजोर विजन 2047



- **विजन डॉक्यूमेंट बना कैसे, जनता से बात करके या महज कंप्यूटर में बैठकर बनाया गया है?**
- छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 जो हमने बनाया है, इसमें प्रदेश की तीन करोड़ जनता के बीच में अलग-अलग माध्यम से जाने का प्रयास किया है। एक साल तक इस पर काम किया है। एक लाख सुझाव हमें मिले हैं। उसके आधार पर इस डॉक्यूमेंट को बनाने का प्रयास किया गया है।
- **लोगों और अधिकारियों का इसको लेकर क्या कहना रहा?**
- हमारी जो टीम थी, वह बहुत ही सकारात्मक तरीके से इसमें शामिल रही। हम अलग-अलग तरह के लोगों को एक मंच पर लाने में सफल हुए हैं। हमारे मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने भी इस विजन के लिए लगातार काम किया है। भारत के नीति आयोग के अधिकारियों का भी हमें भरपूर सहयोग मिला।
- ***नीति आयोग के लोगों को सेट कैसे किया, गुजरात के बाद सीधे छत्तीसगढ़?***
- नीति आयोग का काम ही सभी राज्यों को प्रेरित करना है। अनौपचारिक संबंध जीवन में ज्यादा काम आते हैं, उसका हमें फायदा मिला। पीएमओ का भी सहयोग मिला।
- ***छत्तीसगढ़ का भविष्य क्या देख पाए?***
- लोगों को छत्तीसगढ़ के बारे में लगता है कि हम रायपुर विमानतल पर उतरेंगे तो गोलियां चलने लगेंगी। जबकि रायपुर से बस्तर की दूरी 400 किलोमीटर है। रायपुर का माओवाद से कोई लेना देना नहीं है। रायगढ़ सात सौ किलोमीटर दूर है जहां पर माओवाद का कोई लेना -देना नहीं है। छत्तीसगढ़ में पॉवर हब हैं, रायपुर तेजी से विकसित होता शहर है। छत्तीसगढ़ संभावनाओं वाला राज्य है। भविष्य में छत्तीसगढ़ में बहुत ज्यादा औद्योगीकरण और रोजगार के रास्ते हैं। इसी के साथ बहुत ज्यादा पर्यटन की भी संभावना है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अगले साल तक समाप्त होने के बाद पर्यटन को भी और बढ़ावा मिलने की बहुत संभावना है।
- ***विजन 2047 नक्सल मुक्त राज्य को देखते हुए बना है या फिर नक्सलियों की मौजूदगी के साथ बना है?***
- नक्सल मुक्त राज्य मानकर इस विजन डॉक्यूमेंट को बनाया गया है। बस्तर के नक्सल मुक्त होने के बाद वहां के विकास को लेकर भी विजन है। छत्तीसगढ़ और देश के विकास में आने वाले समय में बस्तर का बहुत बड़ा योगदान रहेगा।
- **नक्सलवाद को समाप्त करने को लेकर कहा जाता है, बस्तर को उद्योगपतियों के हवाले करने के लिए ऐसा किया जा रहा है?** ▶▶| शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### छह करोड़ की हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** राज्य के कछार जिले में छह करोड़ रुपए से अधिक की हेरोइन बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक पोस्ट में कहा, विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर ढोलाई थाना क्षेत्र के सप्तग्राम इलाके में कछार पुलिस द्वारा मादक पदार्थ रोधी अभियान शुरू किया गया।

### कांस्टेबल के परिवार को 1.12 करोड़ का मुआवजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम को 2022 में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक पुलिस कांस्टेबल के परिवार को 1.12 करोड़ रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। याचिका दायर होने की तिथि से लेकर भुगतान तक नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ मुआवजे की राशि अदा की जाए। मुंबई पुलिस में कांस्टेबल गिरीश अशोक हरद (30) 2022 में स्कूटर से अपनी रात्रि ड्यूटी पर जा रहे थे।

### एटीएम से नकदी चुराने की कोशिश, दो गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में दो लोगों को कथित तौर पर एक बैंक के एटीएम से नकदी चुराने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अयह घटना 14 जुलाई की तड़के विरार क्षेत्र में एक राष्ट्रीयकृत बैंक के एटीएम में हुई, लेकिन चोर नकदी चुरा नहीं पाए।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी और इंफाल पश्चिम जिलों से सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। कंगला पाट से 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' के कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान युमनाम प्रेम मेइती के रूप में हुई है। नानाओह समेत तीन अन्य उग्रवादियों को पकड़ा गया। सुरक्षाबलों ने लामजांग गांव से .303 की एक राइफल, एक देसी .32 पिस्तौल बरामद किया।

### राजकीय सम्मान के साथ फौजा का अंतिम संस्कार



**जालंधर।** दुनिया के सबसे बुजुर्ग मैराथन धावक फौजा सिंह का रविवार को उनके पैतृक गांव ब्यास में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह 'टर्बन्ड टॉरनेडो' के नाम से जाने जाते थे। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री भगवंत मान और मंत्री मोहिंदर भगत अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## नड्डा की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक, विपक्ष के तेवर तीखे

# संसद के मानसून सत्र में आज से सवालों की बौछार, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर होगी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, ओडिशा में कानून-व्यवस्था और पहलगाम आतंकवादी हमले सहित विभिन्न मुद्दे उठाए। सरकार ने सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा। सरकार ने कहा कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर संसद के मानसून सत्र में चर्चा के लिए तैयार है और 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर प्रतिक्रिया संबंधी मांग का भी उचित जवाब देगी।

- **संसद का मानसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा**
- **रिजिजू बोले- संसद चलाना सबकी जिम्मेदारी**

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सरकार सभी राजनीतिक दलों से संसद के दोनों सदनों के सुचारु संचालन चलाने को लेकर बातकी। बता दें कि इस सत्र में केंद्र सरकार 8 विधेयक पेश करने की योजना बना रही है। संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण, पहलगाम आतंकवादी हमला और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'संघर्षविराम' के दावों सहित विभिन्न मुद्दे उठाए। सरकार ने सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार एवं विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप के दावों को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दे पर संसद में उचित जवाब देगी।

### कांग्रेस के गौरव गगोई ने उठाए कई सवाल

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी ट्रंप के दावों, उन 'चूकों' जिनके कारण पहलगाम हमला हुआ और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बयान दिए जाने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दायित्व है कि वह इन प्रमुख मुद्दों पर संसद में बयान दें।



### आप ने बिहार का मुद्दा उठाया

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने बैठक में बिहार में एसआईआर के कथित 'चुनावी घोटाले' और भारत एवं पाकिस्तान के बीच 'संघर्षविराम कराने में' मध्यस्थता संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का मुद्दा उठाया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) केवल लोकसभा चुनावों के लिए है और 'आप' विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ रही है।

**बीजद बोली**

### राज्यों में कानून व्यवस्था की विफलता

बीजू जनता दल के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि राज्यों में कानून-व्यवस्था की विफलता की जिम्मेदारी से केंद्र बच नहीं सकता। संसद में इस पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने ओडिशा में एक कॉलेज छात्रा द्वारा आत्मदाह किए जाने और 15 वर्षीय किशोरी को कुछ लोगों द्वारा आग लगाए जाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए यह बात कही। ओडिशा में कानून-व्यवस्था ''पूरी तरह ध्वस्त'' हो गई है और वहां की भाजपा सरकार 'असहाय' एवं 'विफल' हो गई है।

**रिजिजू बोले-**

### जो भी मुद्दा आएगा हम उसे सुनेंगे

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा था कि सरकार महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मामलों और लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, संसद शुरू होने वाली है। संसद में जो भी मुद्दा आएगा, हम उसे सुनेंगे। कल खरगे जी और राहुल जी के साथ मेरी बहुत अच्छी बैठक हुई।

### आठ नए विधेयक पेश करेगी केंद्र सरकार

केंद्र सरकार मानसून सत्र में कुल आठ नये विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है, प्रस्तावित विधेयकों में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक शामिल है।

**यूआईडीएआई ने बनाया प्लान**

## अब स्कूलों में बच्चों का आधार होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण दो महीने बाद चरणबद्ध तरीके से विद्यालयों के माध्यम से बच्चों के 'बायोमेट्रिक अपडेट' शुरू करने की परियोजना पर काम कर रहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सात करोड़ से ज्यादा बच्चों ने 'आधार' के लिए अपने 'बायोमेट्रिक अपडेट' नहीं किए हैं। पांच साल की आयु के होने के बाद यह प्रक्रिया करना अनिवार्य है। कुमार ने कहा, यूआईडीएआई, विद्यालयों के जरिये अभिभावकों की सहमति से बच्चों के 'बायोमेट्रिक अपडेट' करने की परियोजना पर काम कर रहा है। हम इस समय इस प्रौद्योगिकी का परीक्षण रहे हैं और यह 45 से 60 दिनों में तैयार हो जाएगी। बच्चों के 'बायोमेट्रिक' डेटा की ▶▶| शेष पेज 5 पर



### विद्यालयों-कॉलेजों में अपडेट प्रक्रिया

यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने कहा, हम विद्यालयों और कॉलेजों में दूसरी अपडेट प्रक्रिया लागू करने की योजना बना रहे हैं, जो बच्चों के 15 साल की उम्र पूरी करने के बाद की जाती है। फिलहाल, नवजात शिशुओं और पांच साल से कम उम्र के बच्चों का आधार उनके 'बायोमेट्रिक' के बिना ही बनाया जाता है।

### आधार बेहद जरूरी

कई सरकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आधार बेहद जरूरी है। यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश ने कहा कि हम चाहते हैं कि बच्चों को सभी लाभ सही समय पर मिले। विद्यालयों के जरिए, हम ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक सुविधा को पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस परियोजना के तहत, यूआईडीएआई हर जिले में बायोमेट्रिक मशीनें भेजेगा।

## छांगुर बाबा का मददगार निकला करोड़पति बाबू

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



धर्मांतरण के धंधेबाज छांगुर बाबा को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब बलरामपुर में न्यायालय का एक बाबू छांगुर बाबा का मददगार निकला है। गलत धंधों में छांगुर बाबा के सहयोगी और कुछ संपत्तियों में हिस्सेदार रहे बलरामपुर न्यायालय कर्मी राजेश ▶▶| शेष पेज 5 पर

### धर्मांतरण में फंसी लड़कियों का ब्योरा जुटाया जा रहा

छांगुर के अवैध धर्मांतरण की आंच बहराइच में भी रही। यहां भी कई धर्म परिवर्तन के मामले हुए। एटीएस अब धर्मांतरण में फंसी यहां की लड़कियों के बारे में ब्योरा जुटा रही है। खासतौर से उन लड़कियों के बारे ▶▶| शेष पेज 5 पर

**आत्महत्या का संदेह**

## दंपति और उनके तीन बच्चे घर में मृत मिले

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद जिले में शनिवार देर रात एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव उनके घर से बरामद किए गए। पुलिस को संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। पुलिस अधीक्षक अहमदाबाद ने बताया कि यह घटना बगोदरा गांव में हुई और पुलिस को इसकी सूचना देर रात करीब दो बजे मिली।

### मृतकों की पहचान

बगोदरा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान विपुल वाघेला (32), उनकी पत्नी सोनल (26) और उनके बच्चों करीना (11), मयूर (8) और राजकुमारी (5) के रूप में हुई है।

## केदार बोले-गजनी बन गए भूपेश, कोयला आवंटन के लिए लिखे, परमिशन दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल झूठ बोल रहे हैं। भाजपा ने तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से दावा किया है कि कांग्रेस का झूठ एक बार फिर बेनकाब हो गया है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

- **कोयला आवंटन और पेड़ों की कटाई के भूपेश बघेल सरकार के कई दस्तावेज जारी किए**



### कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया

श्री कश्यप ने कहा, यह तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 5 पर

### क्या हर अपराधी के पक्ष में खड़ी होगी कांग्रेस

श्री कश्यप ने कहा, हम कांग्रेस से पूछना चाहते हैं, क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफी मांगेंगे। क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि ▶▶| शेष पेज 5 पर

**फैंस में थी नाराजगी, भारतीय खिलाड़ियों ने किया बहिष्कार**

## पाकिस्तान देश का दुश्मन, नहीं खेलेंगे, मैच रद्द

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) का मुकाबला रद्द कर दिया गया है। आयोजकों ने यह फैसला भारतीय खिलाड़ियों के नाम वापस लेने के बाद लिया है। डब्ल्यूसीएल ने भी इस संबंध में बयान दिया है। इस मैच को लेकर भारतीय प्रशंसकों में काफी नाराजगी थी। इतना ही नहीं, शिखर धवन, सुरेश रैना और हरभजन सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के इस मैच का बहिष्कार करने की खबरें भी सामने आई थी। डब्ल्यूसीएल के आयोजकों ने 'एक्स' पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए मैच रद्द करने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि इस मुकाबले का ▶▶| शेष पेज 5 पर




**शिखर ने लिखा**

### मेरा देश मेरे लिए सबकुछ

शिखर धवन ने भी इस मामले में एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने अपने ई-मेल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा कि उनके लिए देश सबकुछ है। भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने भी एक्स पर इस मैच को लेकर रोष जताया था। उन्होंने लिखा, जो कदम मैंने 11 मई को लिया, उस पर आज भी वैसे ही खड़ा हूं। मेरा देश मेरे लिए सबकुछ है और देश से बढ़कर कुछ नहीं होता। जय हिंद।

### आयोजकों ने मांगी माफी

डब्ल्यूसीएल ने बयान में बताया कि हाल ही में दोनों देशों के बीच वॉलीबॉल मैच के बाद भारत-पाकिस्तान मुकाबले का कार्यक्रम रखा गया था। हालांकि, मैच रद्द करने का फैसला लिया गया है। डब्ल्यूसीएल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगता है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलने के पक्ष में थे।

**रविवार को उमड़ी हजारों की भीड़**

## छत्तीसगढ़ की पहचान बन रहा है नवा रायपुर का आदिवासी संग्रहालय, उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में स्थापित आदिवासी संग्रहालय अब छत्तीसगढ़ की पहचान बनता जा रहा है। मई में इस संग्रहालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किए जाने के बाद से अब तक लगातार यहां आने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। बताया गया है कि टिकट होने के बावजूद शनिवार-रविवार को यहां पांच हजार के करीब लोग पंहुच रहे हैं। जबकि सामान्य दिनों में दो से तीन हजार लोग आते हैं। माना जाता है कि आदिवासी समुदाय छत्तीसगढ़ की परंपरा, कला और संस्कृति की पहचान ▶▶| शेष पेज 5 पर

**सरकारी संस्थानों में सबसे अधिक भीड़ यहां**



*आकर्षण का केंद्रः आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि वोरा का कहना है कि यह संग्रहालय राज्य के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सरकारी क्षेत्र के संस्थानों में देखा जाए तो यह शायद अकेला केंद्र हैं, जहां सबसे अधिक लोग आ रहे हैं। अवकाश के दिनों में पांच हजार और अन्य दिनों में 2 से 3 हजार लोग यहां आते हैं।*

# लोकसभा में अब तक सिर्फ 18 मुस्लिम महिलाएं पहुंचीं, 13 वंशवाद की देन

*नई दिल्ली। भारत की संसद में महिलाओं की कम भागीदारी कोई नई बात नहीं है, लेकिन मुस्लिम महिलाओं की मौजूदगी इससे भी ज्यादा कम रही है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक केवल 18 मुस्लिम महिलाएं ही लोकसभा पहुंच पाई हैं। इस दिलचस्प और चिंताजनक जानकारी को एक नई किताब 'सदन से गायब - लोकसभा में मुस्लिम महिलाएं' ('मिसिंग फ्रॉम द हाउस- मुस्लिम वीमेन इन द लोक सभा') में सामने लाया गया है। इस किताब को पत्रकार रशीद किदवई और राजनीतिक विश्लेषक अंबर कुमार घोष ने मिलकर लिखा है।*

### वंशवाद बना सहारा

किताब में बताया गया है कि इन 18 मुस्लिम महिला सांसदों में से 13 महिलाएं राजनीतिक परिवारों से थीं। यानी, चाहे वंशवाद लोकतंत्र के लिए बाधा हो, लेकिन मुस्लिम महिलाओं को राजनीति में आने का मौका इसी रास्ते से ज्यादा मिला।

### इन राज्यों से आज तक नहीं पहुंचीं

अब तक कुल 18 लोकसभाएं बनी हैं, लेकिन 5 बार लोकसभा में एक भी मुस्लिम महिला नहीं थी। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में कभी भी एक समय में 4 से ज्यादा मुस्लिम महिलाएं नहीं पहुंच पाईं। हैरानी की बात ये भी है कि दक्षिण भारत के पांच राज्यों, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से अब तक कोई मुस्लिम महिला लोकसभा में नहीं पहुंच सकी, जबकि इन राज्यों को राजनीति और शिक्षा के लिहाज से बेहतर माना जाता है।

## सदन से गायब- लोकसभा में मुस्लिम महिलाएं किताब में दावा

**18 मुस्लिम महिला सांसदों की सूची**

मोफिदा अहमद (1957, कांग्रेस), जोहराबेन चावड़ा (1962-67, कांग्रेस), मैमुना सुल्तान (1957-67, कांग्रेस)। बेगम अकबर जहां अब्दुल्ला (1977-79, 1984-89, नेशनल कॉन्फ्रेंस), रशीदा हक (1977-79, कांग्रेस)। मोसीना किदवई (1977-89, कांग्रेस), आबिदा अहमद (1981-89, कांग्रेस), नूर बानो (1996, 1999-2004, कांग्रेस)। रुबाब सैयदा (2004-09, समाजवादी पार्टी), महबूबा मुफ्ती (2004-09, 2014-19, पीडीपी)। तबस्सुम हसन (2009-14, सपा/लोजपा/बसपा), मौसम नूर (2009-19, तृणमूल कांग्रेस), कैसर जहां (2009-14, बसपा)। ममताज संगमिता (2014-19, तृणमूल कांग्रेस), साजदा अहमद (2014-24, तृणमूल कांग्रेस), रानी नाराह (1998-2004, 2009-14, कांग्रेस)। नुसरत जहां रूही (2019-24, तृणमूल कांग्रेस), इकरा हसन चौधरी (2024-वर्तमान, समाजवादी पार्टी)।



### ऐसे लोकसभा में पहुंचीं ये महिलाएं

इनमें से मोसीना किदवई एक बड़ी नेता बनीं और कई मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली जबकि कैसर जहां, जो एक चायवाले की पत्नी थीं, को 2009 में बसपा प्रमुख मायावती ने टिकट दिया और उन्होंने चुनाव जीता। आबिदा अहमद, देश के पांचवें राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की पत्नी थीं, जो चुनाव जीतने वाली पहली और इकलौती प्रथम महिला बनीं। नूर बानो, रामपुर की रानी, ने 1996 और 1999 में चुनाव जीते, लेकिन जया प्रदा के साथ मुकाबले में हार गईं। बंगाली अभिनेत्री नुसरत जहां ने भी 2019 में तृणमूल कांग्रेस से चुनाव जीतकर कई परंपराएं तोड़ीं।

### वर्तमान में केवल एक मुस्लिम महिला सांसद

वर्तमान 18वीं लोकसभा में सिर्फ एक मुस्लिम महिला सांसद हैं- इकरा हसन चौधरी। वे समाजवादी पार्टी से चुनी गई हैं और उन्होंने भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को हराकर सुर्खियां बटोरीं। वे लंदन से पढ़ी हुईं, युवा और प्रभावशाली नेता के रूप में उभर रही हैं।



### कांग्रेस नेता शशि थरूर की टिप्पणी

किताब की भूमिका में कांग्रेस सांसद शशि थरूर लिखा हैं- 'आजादी के 78 साल बाद भी हम अपने लोकतंत्र पर गर्व तो करते हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि हमने महिलाओं, खासकर मुस्लिम महिलाओं को कभी बराबरी नहीं दी।' उन्होंने कहा कि मीडिया और समाज की चुप्पी ने इस सच्चाई को हमेशा छुपा कर रखा है।

## खबर संक्षेप

### 'आप' विधायक इस्तीफा वापस लेने हुईं सहमत

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा और राजनीति



छोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद, आप विधायक और पूर्व मंत्री अनमोल गगन मान रविवार को अपना फैसला वापस लेने पर सहमत हो गईं। उन्होंने यह निर्णय तब किया, जब आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उनसे मुलाकात की और पार्टी व क्षेत्र के लिए काम जारी रखने का आग्रह किया। अरोड़ा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अनमोल 'आप' और अरविंद केजरीवाल के परिवार का हिस्सा थीं, हैं और रहेंगी।"

### दो हादसों में दो कांवड़ियों की मौत, आठ घायल

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो अलग-अलग हादसों में दो कांवड़ियों की मौत हो गई तथा आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में कैराना निवासी अभिषेक (28) नामक एक कांवड़िये की बरला पुल के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। एक अन्य घटना में सलीमपुर बाईपास के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में अनिल (23) नामक कांवड़िये की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गये।

### पैसों के लेनदेन पर युवक को जिंदा जलाया, मौत

**कोट्टायम।** केरल में कोट्टायम जिले के पाला में पैसों की लेकर देन को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में 55 वर्षीय एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रामपुरम बस स्टेशन के पास 19 जुलाई को पैसों की लेनदेन को लेकर हुए विवाद की वजह से तुलसी दास ने आभूषण की दुकान चलाने वाले अशोकन पर पेट्रोल छिड़क कर उन्हें आग लगा दी, जिसके कारण वह 80 प्रतिशत तक जल गए थे। उसने बताया कि रविवार की सुबह कोट्टायम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अशोकन की इलाज के दौरान मौत हो गई। तुलसी दास ने बाद में उसने स्थानीय पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।

### महाराष्ट्र में भाषा विवाद और गहराया, लोकल ट्रेन में महिलाओं में नोक-झोंक

# महाराष्ट्र में रहना है, तो मराठी सीखनी होगी मनसे की चेतावनी, जगह-जगह लगाए पोस्टर्स

**एजेंसी ▸▸| मुंबई**

महाराष्ट्र में जारी भाषा विवाद के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने नवी मुंबई के विभिन्न इलाकों में पोस्टर लगाकर गैर-मराठी भाषियों को चेतावनी दी है कि यदि उन्हें महाराष्ट्र में रहना है, तो मराठी भाषा सीखनी होगी। मनसे द्वारा लगाए गए पोस्टरों पर एक कार्टून में लिखा है, एजी मराठी बोलना सीख लो वरना वो मनसे वाला आ जाएगा। इसके साथ ही एक और संदेश में कहा गया है, हमारा आपसे कोई झगड़ा नहीं है, लेकिन अगर यहां मस्ती करोगे तो महाराष्ट्र का झटका जरूर लगेगा। वहीं इस विवाद के बीच मुंबई लोकल ट्रेन में सीट में बैठने को लेकर हुई महिलाओं के बीच भी भाषा विवाद देखने को मिला। इस विवाद में लोग समर्थन व विरोध करते दिखे।

## स्थानीय भाषा का सम्मान सभी करें : राज ठाकरे



दरअसल, मनसे प्रमुख राज ठाकरे लंबे समय से महाराष्ट्र में मराठी भाषा और संस्कृति को प्राथमिकता देने की वकालत करते आए हैं। उनका मानना है कि राज्य में रहने वाले सभी लोगों को स्थानीय भाषा का सम्मान करना चाहिए और उसे सीखना चाहिए। बता दें कि इस फैसले को विपक्षी दलों, खासकर शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने हिंदी थोपने की कोशिश बताया और इसका कड़ा विरोध किया। इसके बाद से ही महाराष्ट्र में भाषा विवाद को लेकर मामले सामने आ रहे हैं।




### मराठी को प्राथमिकता दें, लेकिन हिंदी... : मनसे का अभियान

राज ठाकरे की पार्टी मनसे ने विशेष रूप से हिंदी भाषी उत्तर भारतीयों के खिलाफ अभियान चलाती हुई नजर आती है। मनसे का कहना है कि मुंबई और महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता दी जाए। मराठी को स्कूलों में मराठी को प्राथमिकता दी जाए, लेकिन हिंदी और अन्य भाषाओं का भी सम्मान हो। शिक्षा, रोजगार और प्रशासन में एक संतुलित भाषा नीति बनाई जाए।

### क्या है पूरा मामला

बता दें कि महाराष्ट्र में पिछले कुछ समय से हिंदी और मराठी भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया था। हालांकि, बाद में इस आदेश में बदलाव कर सामान्य रूप से हिंदी को तीसरी भाषा बनाने की बात कही गई, जिसमें 20 छात्रों के सहमत होने पर किसी अन्य भारतीय भाषा का विकल्प चुनने की अनुमति दी गई।

### लोकल ट्रेन में महिलाओं में बहस

भाषा विवाद को लेकर कल शाम सेंट्रल लाइन की एक लोकल ट्रेन के लेडीज कोच में मराठी और हिंदी को लेकर महिलाओं के बीच जबरदस्त बहस हो गई। सीट को लेकर शुरू हुआ, मामूली विवाद देखते ही देखते भाषा को लेकर तकरार में बदल गया। घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### मराठी बोलो नहीं तो बाहर निकलो

लोकल ट्रेन के इस वीडियो में एक महिला मराठी में बोलते हुए दूसरी महिलाओं से कहती सुनाई दे रही है- हमारे मुंबई में रहना है, तो मराठी बोलो, नहीं तो बाहर निकलो। ट्रेन में सफर कर रही दूसरी महिलाएं भी इस बहस में शामिल हो गईं और बात भाषा विवाद तक पहुंच गई। भाषा को लेकर बढ़ते टकराव को देखते हुए अब रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी भी इस मामले को गंभीरता से ले रही है।

### ट्रंप के क्रेडिट लेने पर बोले उपराष्ट्रपति

# दुनिया की कोई ताकत भारत को निर्देश नहीं दे सकती : धनखड़

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार किए जा रहे इस दावे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया है, पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने



जोरदार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत किसी भी बाहरी ताकत से निर्देश लेने वाला देश नहीं है और देश की आंतरिक मामलों को संभालने की जिम्मेदारी केवल भारतीय नेतृत्व पर है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अपने अन्य देशों के साथ सहयोग करता है, एक दूसरे का सम्मान करता है। कूटनीतिक संवाद में विश्वास करता है, लेकिन अंततः हर महत्वपूर्ण निर्णय भारत के नेतृत्व द्वारा लिया जाता है।

### भारत अपने फैसले खुद लेता है: उपराष्ट्रपति

धनखड़ ने कहा कि भारत पूरी तरह से एक संप्रभु राष्ट्र है, और यह किसी भी बाहरी ताकत से अपने मामलों को चलाने के लिए निर्देश नहीं लेता। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय नेतृत्व के निर्णयों को कोई अन्य देश प्रभावित नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोग किसी भी बाहरी नैरेटिव से प्रभावित न हों और यह समझें कि भारत को अपने मामलों को संभालने की पूरी स्वतंत्रता है।

### क्रिकेट का उदाहरण देते हुए समझाया

अपने बयान में उपराष्ट्रपति ने क्रिकेट का एक दिलचस्प उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं होता। इस बात को समझाने के लिए उन्होंने उदाहरण दिया कि क्रिकेट पिच पर अच्छा खिलाड़ी वही होता है जो खराब गेंदों को छोड़ देता है, भले ही वे लुभावनी क्यों न हों। उन्होंने कहा कि ऐसे गेंदों को खेलने की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इससे आपकी सफलता पर असर पड़ सकता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जो खिलाड़ी इन लुभावनी गेंदों को खेलते हैं, उनके पास विकेटकीपर और गली में फील्डर होते हैं, ताकि वे उन्हें रोक सकें।

# अग्निवीर बनने मानसिक फिट होने का टेस्ट पास करना हुआ जरूरी

### भर्ती प्रक्रिया में किया एक महत्वपूर्ण बदलाव

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**



भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब सिर्फ शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती की भी परख होगी। अगस्त 2025 से शुरू होने वाली इस नई व्यवस्था के तहत अग्निवीर उम्मीदवारों को फिजिकल टेस्ट के साथ-साथ एक ऑनलाइन साइकोलॉजिकल टेस्ट भी देना होगा। यह बदलाव मध्य प्रदेश के ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड जिलों में भर्ती रैलियों में पहली बार लागू किया जाएगा।

### क्यों जरूरी है साइकोलॉजिकल टेस्ट?

सेना के लिए यह बेहद जरूरी हो गया है कि वह न केवल शारीरिक रूप से मजबूत जवानों को चुने, बल्कि ऐसे उम्मीदवारों को भी चुना जाए जो मानसिक रूप से कठिनाइयों और तनाव से निपटने में सक्षम हों। रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान ने इस टेस्ट को तैयार किया है ताकि उम्मीदवारों की मानसिक क्षमता और तनाव सहन करने की क्षमता को सही ढंग से परखा जा सके। इससे सेना को वे जवान मिलेंगे जो युद्ध या अन्य कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभा सकें।

### क्या होगा टेस्ट का फॉर्मेट?

यह साइकोलॉजिकल टेस्ट लगभग 15 मिनट का ऑनलाइन टेस्ट होगा, जो फिजिकल टेस्ट के बाद उम्मीदवारों को मोबाइल फोन पर भेजा जाएगा। टेस्ट के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवार को पहले 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। जो उम्मीदवार इस मानसिक परीक्षा में सफल नहीं होते, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में भाग लेने का मौका नहीं मिलेगा। यह कदम सेना की चयन प्रक्रिया को और अधिक किफायती और सटीक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## अवैध गोदाम से भारी मात्रा में यूरिया जब्त एक गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में एक गोदाम से कथित तौर पर बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से भंडारित किए गए यूरिया के 1,500 से अधिक बोरे जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि उसे 18 जुलाई को यूरिया के अवैध भंडारण के संबंध में सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बयान में कहा गया कि गोदाम मालिक अतुल बंसल ने 19 जुलाई को जब गोदाम खोला तो वहां सफेद और पीले रंग के बोरों में भारी मात्रा में रखी यूरिया मिली। इसके बाद उस पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# बड़ी कामयाबी! मलेरिया की पहली भारतीय वैक्सीन एडफाल्सीवैक्स तैयार

### प्राइवेट कंपनी के साथ डील करेगा आईसीएमआर

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**

भारत में बरसात के मौसम में मलेरिया और डेंगू जैसी संक्रामक जानलेवा बीमारियों का खतरा हमेशा बढ़ जाता है जिसमें मलेरिया सबसे ज्यादा होता है जो मच्छरों के द्वारा फैलता है। हालांकि, अब इस समस्या का समाधान भारतीय वैज्ञानिकों ने ढूंढ लिया है। भारत ने मलेरिया के खिलाफ पहला स्वदेशी वैक्सीन तैयार किया है। इस वैक्सीन को एडफाल्सीवैक्स नाम दिया गया है। जिससे इस बीमारी पर नियंत्रण पाना आसान हो




सकता है। इस वैक्सीनेशन से न केवल मलेरिया संक्रमण को रोका जाएगा, बल्कि इसके फैलने के खतरे को भी कम किया जाएगा।

### वैक्सीनेशन का शोध और परीक्षण

यह टीका आईसीएमआर के नेशनल मलेरिया रिसर्च इंस्टीट्यूट और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर तैयार किया गया है। प्री क्लिनिकल वैलिडेशन के दौरान, वैज्ञानिकों ने पाया कि यह टीका काफी प्रभावी और सुरक्षित है। आरएमआरसी के सीनियर साइंटिस्ट, डॉ. सुशील सिंह के अनुसार, इस वैक्सीन के द्वारा शरीर में शक्तिशाली एंटीबॉडी बनते हैं जो मलेरिया के संक्रमण को फैलने से रोकते हैं।

### एडफाल्सीवैक्स दिया गया नाम

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने मिलकर इस टीके को तैयार किया है। आईसीएमआर ने बताया कि इस वैक्सीन को एडफाल्सीवैक्स नाम दिया गया है और इसे प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर प्रोडक्शन के लिए डील की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस वैक्सीनेशन से न केवल मलेरिया संक्रमण को रोका जाएगा, बल्कि इसके फैलने के खतरे को भी कम किया जाएगा।

### बार एसो. और एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसो. ने की थी निंदा

# ईडी ने बुलाया वकीलों को, सुप्रीम कोर्ट नाराज, सुनवाई आज

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**

अधिवक्ताओं को जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। आज मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। अधिवक्ताओं को समन जारी करने का सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन ने निंदा की थी। साथ ही इसे परेशान करने वाली प्रवृत्ति बताया था।

## विवाद के बाद ईडी ने दिया निर्देश

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर मनी लॉड्रिंग मामलों की जांच कर रही ईडी ने एक आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), 2023 की धारा 132 का उल्लंघन करते हुए किसी भी वकील को कोई समन जारी नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा यदि समन को जारी करने की आवश्यकता है, तो इसे केवल ईडी के निदेशक की पूर्व स्वीकृति के बाद ही जारी किया जाएगा।



### सुप्रीम कोर्ट एसोसिएशन ने की थी निंदा

अधिवक्ताओं को समन जारी किए जाने की सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन ने निंदा की थी। साथ ही इसे परेशान करने वाली प्रवृत्ति बताया था। बार निकायों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से मामले का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने जताई थी नाराजगी

बता दें कि 25 जून को गुजरात के एक वकील की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा था कि पुलिस या जांच एजेंसियों को मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को सीधे बुलाने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा। यह न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायालय ने कहा था कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है।

## विधेयकों को मंजूरी देने कल सुनवाई

विधान मंडल से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा समयसीमा और प्रक्रियाओं को निर्धारित करने के महत्वपूर्ण मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। इसके अलावा ये भी सवाल उठाया गया है कि जब कोई विधेयक राज्यपाल के पास आते हैं तो उनके पास क्या विकल्प उपलब्ध होते हैं और क्या राज्यपाल मंत्रीपरिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य है? इस मामले में राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट को संदर्भ (रेफरेंस) भेजा है, जिसमें 14 सवालों पर जवाब मांगा है। इस सुनवाई के लिए सीजेआई जस्टिस बी. आर. गवई की अध्यक्षता में पांच जजों की विशेष पीठ गठित की गई है।

### इंस्टाग्राम पर शुरू हुआ प्यार, लिव-इन में बदला रिश्ता

# महिला एएसआई की हत्या करने वाले जवान ने किया समर्पण

**एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद**

गुजरात के कच्छ जिले के एक पुलिस थाने में तैनात एक महिला असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर की कल रात उसके लिव-इन पार्टनर ने उसके घर पर कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि यह मामला शनिवार सुबह तब सामने आया जब आरोपी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान दिलीप डांगचिया ने कच्छ के अंजार पुलिस थाने में सरेंडर कर दिया। महिला अधिकारी की पहचान अरुणा नटूभाई जादव के रूप में हुई है, जोकि यहीं तैनात थी। जानकारी के अनुसार, दिलीप मणिपुर में तैनात सीआरपीएफ का जवान है और अरुणा के पड़ोस के एक गांव का निवासी है।

### किसी बात को लेकर हुई तीखी बहस

शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि अरुणा मूल रूप से सुरेंद्रनगर की रहने वाली थी और अंजार की गंगोत्री सोसाइटी-2 में रहती थी। शुक्रवार देर रात, महिला के घर पर अरुणा और दिलीप डांगचिया के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हुई जिसके बाद दिलीप ने कथित तौर पर अरुणा की गला घोंटकर हत्या कर दी। उसने घटना के अगली सुबह पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

रायपुर
सोमवार, 21 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष: 24, अंक: 5
पृष्ठ : 12+4+4= 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 30.5
न्यून. 22.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

06
गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में...



विचार पेज
02 अखाड़ा बनकर न रह जाए संसद

# हादसे रोकने रायपुर, कोरबा, दुर्ग-भिलाई के राजमार्ग होंगे हाईटेक आईटीएमएस कैमरों से लैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

देश के 132 ऐसे शहर, जहां वर्ष 2011 की स्थिति में पांच लाख से ज्यादा की आबादी है या ऐसे मेजर डिस्ट्रिक्ट, जहां सबसे ज्यादा रोड एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं, उन शहरों के स्टेट हाईवे पर आईटीएएसएस योजना के तहत हाईटेक कैमरे लगाने का केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है। रोड एक्सीडेंट रोकने बनाई गई राज्य की नोडल एजेंसी इस योजना का क्रियान्वयन करने जा रही है। इसके लिए नोडल एजेंसी ने ▶▶|शेष पेज 5 पर

## ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कटेगा चालान

स्टेट हाईवे पर रांग साइड के अलावा तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होती थी। आईटीएमएस कैमरे लगने के बाद स्टेट हाईवे पर रांग साइड तथा तय लिमिट से ज्यादा रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का ऑनलाइन चालान जनरेट कर मोबाइल, ई-मेल के माध्यम से भेजा जाएगा।

- राज्य के इन तीन शहरों के 118 स्पॉट पर लगाए जाएंगे हाईटेक कैमरे
- जहां पर ज्यादा रोड एक्सीडेंट, उन जगहों पर केंद्र सरकार की मदद से लगाएंगे कैमरे



## जहां ज्यादा एक्सीडेंट वहीं लगाएंगे कैमरे

आईटीएमएस फेस-2 के तहत रायपुर, दुर्ग-भिलाई तथा कोरबा में 118 स्थानों पर हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे उन स्थानों पर लगाए जाएंगे, जहां रोड एक्सीडेंट की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं।

- संजय शर्मा
एआईजी ट्रैफिक

**इस वजह से लगाए जाएंगे कैमरे :** एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के अनुसार, जिन स्थानों पर रोड एक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, वहां 24 घंटे ट्रैफिक पुलिस की तैनाती संभव नहीं है। जहां ज्यादा रोड एक्सीडेंट होते हैं, कैमरे लगने के बाद उस स्पॉट की 24 घंटे निगरानी हो सकेगी। एक्सीडेंट होने पर किस वाहन चालक ने गलती की है, कैमरे के माध्यम से आसानी से इसकी जानकारी मिल पाएगी। इसके बाद दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने में आसानी होगी।

**हादसों पर लगेगी रोक :** ज्यादातर रोड एक्सीडेंट की घटनाएं स्टेट हाईवे पर होती हैं। जहां आईटीएमएस के तहत कैमरे लगाए जाने के बाद एक्सीडेंट की घटनाएं कम होंगी। कैमरे की जद में आने से बचने वाहन चालक सावधानी से गाड़ी चलाएंगे तो एक्सीडेंट की घटनाएं कम होंगी। एक्सीडेंट पर अंकुश लगने से सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी आएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### न्यायिक हिरासत में मंगलुरु का ठग रोशन

**मंगलुरु।** मंगलुरु के रहने वाले रोशन सलदान्हा को कई राज्यों के व्यापारियों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में



न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए आरोपी पर वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ी कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। पुलिस ने शनिवार रात सलदान्हा को एक अदालत में पेश किया।

### पत्नी की हत्या का आरोपी स्टेशन मास्टर गिरफ्तार

**रंगिया।** असम में पत्नी की हत्या के मामले में फरार आरोपी रेलवे स्टेशन मास्टर को गुवाहाटी से गिरफ्तार कर लिया गया है। कामरूप जिले में रंगिया के पास केंदुकोना रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर आरोपी राहुल सिंह की पत्नी का शव 15 दिन पहले उनके मकान से बरामद हुआ था, जिसके बाद शनिवार को सिंह गिरफ्तार कर लिया गया। वह गुवाहाटी की एक इमारत में भेष बदलकर निजी सुरक्षा कर्मी के तौर पर काम कर रहा था।

### एंबुलेंस की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक एंबुलेंस ने स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वाहन



सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। शनिवार रात करीब 11.45 बजे एक तेज रफ्तार निजी एंबुलेंस ने विपरीत दिशा से आ रहे कांवड़ियों की स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### रूस के प्रशांत तट पर सुनामी का खतरा टला

**मॉस्को।** प्रशांत महासागर सुनामी चेतावनी केंद्र ने रविवार को कहा कि रूस के कामचातका प्रायद्वीप पर अब सुनामी आने का खतरा नहीं है। इससे पहले, इसने समुद्र में पांच शक्तिशाली भूकंप आने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की थी। इनमें से सबसे बड़े भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई थी। बड़े भूकंप का केंद्र ट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर के 144 किलोमीटर पूर्व में 20 किलोमीटर की गहराई में था।

### डॉन फिल्म के डायरेक्टर चंद्र बरोट का निधन

**मुंबई।** 1978 में अमिताभ बच्चन की आई फिल्म 'डॉन' के डायरेक्टर चंद्र बरोट का 86 की उम्र में निधन



हो गया है। वे काफी समय से बीमार थे और बढ़ती उम्र के कारण होने वाली परेशानियों से भी पीड़ित थे। चंद्र बरोट 'डॉन' जैसी कल्ट-क्लासिक फिल्म देने के अलावा कई सारी बेहतरीन हिंदी फिल्मों में भी बतौर असिस्टेंट काम कर चुके थे।

अहमदाबाद विमान हादसे में बड़ा खुलासा, जांच अधिकारी हैरान

# आखिरी 26 सेकंड में क्या हुआ, विमान के पिछले हिस्से में मिला अहम सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*भारत समेत पूरी दुनिया को हिला देने वाले अहमदाबाद विमान हादसे की जांच जारी है। इस हादसे को लेकर जांचकर्ता बारीकी से बोइंग ड्रीमलाइनर के मलबे की जांच कर रहे हैं। अब भारतीय विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआई) की जांच में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आया है। विमान के पिछले हिस्से के मलबे में सीमित इलेक्ट्रिकल आग के निशान मिले हैं, जिसने जांच की दिशा को इलेक्ट्रिकल सिस्टम की खराबी की ओर मोड़ दिया है।*

अहमदाबाद विमान हादसे की जांच में यह भी सामने आया कि दिल्ली से अहमदाबाद आने वाली पिछली उड़ान एआई-423 में पायलट ने एसपीएक्स (स्टेबलाइजर पोजिशन ट्रांसड्यूसर) की खराबी की शिकायत दर्ज की थी। यह सेंसर विमान की पिच को नियंत्रित करता है और फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम को डेटा भेजता है। अहमदाबाद में मेंटेनेंस इंजीनियर ने इसकी जांच के बाद उड़ान को मंजूरी दी थी, लेकिन अब जांचकर्ता इस सेंसर की खराबी को व्यापक इलेक्ट्रिकल सिस्टम की समस्या से जोड़ रहे हैं।

पिछले हिस्से के मलबे में मिले एपीयू, ट्रांसड्यूसर्स और रडर्स को सुरक्षित रखा गया है, ताकि इनका विस्तृत विश्लेषण किया जा सके। जांच में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि उड़ान के दौरान इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी से सेंसर डेटा में गड़बड़ी हुई होगी, जिसके कारण ईसीयू ने इंजनों को गलत कमांड भेजा। इसके बाद रैम एयर टरबाइन तैनात हुआ, जो इलेक्ट्रिकल विफलता के दौरान आपातकालीन शक्ति प्रदान करता है, लेकिन विमान की कम ऊंचाई (625 फीट) के कारण पायलटों को सुरक्षित लैंडिंग का समय नहीं मिला। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल मेस भवन पर गिरा, जहां उसके ▶▶|शेष पेज 5 पर

### इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी

जांचकर्ताओं का मानना है कि इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी ने इंजन कंट्रोल यूनिट को गलत डेटा भेजा, जिसके परिणामस्वरूप ईंधन आपूर्ति रुक गई। विमान के पिछले हिस्से में स्थित ऑक्जिलरी पावर यूनिट बरकरार मिली, लेकिन रियर ब्लैक बॉक्स को व्यापक क्षति पहुंची है, जिससे डेटा निकालना मुश्किल हो गया। हालांकि, फ्रंट ब्लैक बॉक्स से डेटा सफलतापूर्वक प्राप्त हुआ जो जांच के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

### इलेक्ट्रिकल आग के निशान मिले



**ब्लैक बॉक्स में मिला ये डेटा :** विमान का पिछला ब्लैक बॉक्स, जिसे आफ्टर एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर कहा जाता है, बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की मेस की छत पर मिला था। यह बॉक्स गर्मी से काफी ज्यादा खराब हो गया था, जिसकी वजह से सामान्य तरीकों से इसका डेटा निकालना मुमकिन नहीं हो पाया।

**उड़ान भरने के 26 सेकंड बाद क्या हुआ? :** बता दें कि एअर इंडिया की विमान की दुर्घटना की जांच कर रहे अधिकारियों का ध्यान अब विमान के पिछले हिस्से यानी टेल सेक्शन पर है। जांचकर्ताओं का मानना है कि उड़ान भरने के 26 सेकंड के भीतर इस हिस्से में कुछ गड़बड़ी हुई थी, जो अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते वक्त हुई थी।

उत्तराखंड हेलीकॉप्टर हादसे की जांच

### 'रोटर ब्लेड' के केबल से टकराने से क्रैश हेलीकॉप्टर

उत्तराखंड में मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि उसका मुख्य रोटर ब्लेड ऊपर से गुजर रही फाइबर केबल से टकराया था जिसके बाद हेलीकॉप्टर पहाड़ी से नीचे गिरकर एक पेड़ से अटक गया था। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बताया कि जांच दल दुर्घटना के मूल कारण का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई कर रहा है। 'एयरोट्रांस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा संचालित 17 साल पुराना 'बेल 407' हेलीकॉप्टर आठ मई को उड़ान भरने के 24 मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

नागरिक उड्डयन मंत्री बोले-

### अंतिम रिपोर्ट का इंतजार

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि सरकार कोई निष्कर्ष निकालने से पहले अहमदाबाद में एयर इंडिया दुर्घटना पर अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करेगी। उन्होंने पश्चिमी मीडिया को लताड़ लगाते हुए कहा कि वे अटकलों से बचें और भारत में ब्लैक बॉक्स डेटा को सफलतापूर्वक डिकोड करने के लिए विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की सराहना करें। उन्होंने कहा, एएआईबी ने सभी, विशेष रूप से पश्चिमी मीडिया हाउसों के लिए एक अपील की है, जो कि वे जिस तरह के लेखों को प्रकाशित करने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें निहित स्वार्थ हो सकता है। मैं एएआईबी में भरोसा करता हूं। मुझे विश्वास है कि वे काम कर रहे हैं।"

फिल्मी स्टाइल में डकैती, तीन गिरफ्तार

## सीबीआई अफसर बनकर आए, ले गए जेवर-नकद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्म से प्रेरित डकैती में, एक युवती, एक दुकानदार और एक बेरोजगार युवक ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारी बनकर उत्तरी दिल्ली में एक व्यापारी के घर पर छापा मारा और लाखों रुपये की नकदी और आभूषण लेकर चंपत हो गए।

उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बंथिया ने बताया कि तीनों को एक सप्ताह तक चले अभियान के बाद पकड़ा गया। उनकी तलाश में दिल्ली पुलिस की टीमें हरिद्वार और मसूरी गयी। पुलिस के अनुसार, 22 वर्षीय युवती पीड़ित की दूर की रिश्तेदार है और उसे उनके वजीराबाद स्थित घर में रखी नकदी और आभूषणों के बारे में जानकारी थी। उसने हरिद्वार में 'फूड सप्लीमेंट' स्टोर चलाने वाले 28 वर्षीय केशव प्रसाद और दिल्ली के जौहरीपुर क्षेत्र के 20 वर्षीय बेरोजगार विवेक सिंह को इस साजिश में शामिल किया।

### 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाली

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और क्षेत्र में लगे 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे जांचकर्ताओं को घटना के दौरान पीड़ित के घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल का पता चला। डीसीपी ने कहा कि बाइक के पंजीकरण नंबर से पुलिस को पता चला कि यह गाड़ी केशव प्रसाद के नाम पर है जो करावल नगर में रहता है, मगर वह घर पर नहीं मिला।

### मोबाइल से ट्रैक कर पकड़ा

आरोपियों के मोबाइल फोन की तकनीकी निगरानी से पता चला कि वे लगातार घूम रहे हैं। हरिद्वार और मसूरी के बीच अपना स्थान बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीम अंततः 18 जुलाई को केशव और महिला को मसूरी से पकड़ लिया। तीसरे आरोपी विवेक को भी उसी दिन हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने 1.75 लाख रुपये नकद, सोने और चांदी के आभूषण, अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की।

आंध्रप्रदेश शराब घोटाला | 305 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल

## हर महीने 50 से 60 करोड़ की रिश्वत लेते थे जगन



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

आंध्र प्रदेश पुलिस ने 3,500 करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाले के मामले में एक स्थानीय अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। इस आरोपपत्र में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को हर महीने औसतन 50 से 60 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने वाला बताया गया है। 305 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया गया है, लेकिन इसमें जगन को आरोपी के रूप में नामित नहीं किया गया है। आरोपपत्र में कहा गया है कि यह रकम पहले केसिरेड्डी राजशेखर रेड्डी (आरोपी नंबर 1) को सौंपी जाती थी।

### कमीशन के लिए नई शराब ब्रांड उतारी

पुलिस का दावा है कि वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान आरोपियों ने नई शराब ब्रांड बाजार में उतारी, ताकि आपूर्ति और बिक्री पर उनका पूरा नियंत्रण हो और 2019 से 2024 तक बड़ी मात्रा में कमीशन वसूला जा सके। आरोपपत्र में कहा गया है, आरोपियों ने मिलकर आबकारी नीति और उसकी प्रक्रिया को बदला, ताकि उन्हें मोटा कमीशन मिल सके। इस कमीशन का ज्यादातर हिस्सा नकद और सोने के रूप में लिया गया।

### रिश्वत न देने पर डिस्टिलरी को मंजूरी नहीं

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने जानबूझकर उन ब्रांड/डिस्टिलरी को ओएफएस की मंजूरी नहीं दी, जो रिश्वत नहीं दे रहे थे। इस मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को वाईएसआरसीपी के लोकसभा सांसद पीवी मिथुन रेड्डी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

### मिथुन को न्यायिक हिरासत में भेजा

कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सदस्य पीवी मिथुन रेड्डी को रविवार को एक अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रेड्डी को आज विजयवाड़ा स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत में पेश किया गया था। एसआईटी ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान हुए कथित 3,500 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में रेड्डी को शनिवार को गिरफ्तार किया था। इससे पहले, आज सुबह एसआईटी के अधिकारी मिथुन रेड्डी को विजयवाड़ा के एक सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उनकी चिकित्सा जांच की।

## समंदर के बीचो-बीच धू-धू कर जलने लगा जहाज

| | |
|---|---|
| 280 | लोग इंडोनेशिया के जहाज में थे सवार |
| 03 | लोगों की मौत |
| 18 | के घायल होने की खबर |





**जकार्ता।** इंडोनेशिया के तट पर 280 लोगों से भरी एक जहाज में आग लग गई, जिससे घबराए यात्रियों ने समुद्र में छलांग लगा दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें जहाज पूरी तरह से आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाई दे रहा है और आसमान में काले धुएं का गुबार उठ रहा है। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत और 18 लोगों के घायल होने की खबर है। दुर्घटना का शिकार हुई इस जहाज का नाम केएम बार्सिलोना वीए है।

ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा

## मालदीव में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। मोदी पहले चरण में दो दिवसीय यात्रा पर ब्रिटेन जाएंगे और फिर के रूप में शामिल होंगे।



प्रधानमंत्री की 25 से 26 जुलाई तक होने वाली मालदीव यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह द्विपक्षीय संबंधों को पुनः स्थापित करने का प्रतीक है। अपनी यात्रा के पहले चरण में मोदी 23 से 24 जुलाई को ब्रिटेन की यात्रा पर जाएंगे।

### महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात

विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के महाराजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यात्रा के दौरान दोनों पक्ष व्यापार और अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर विशेष ध्यान देते हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।

दुनिया ने माना भारत को डिजिटल पेमेंट का राजा

# यूपीआई हर महीने कर रहा 18 अरब रुपयों का लेन-देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने डिजिटल दुनिया में तहलका मचा दिया है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने ना सिर्फ देश में पैसे के लेन-देन को आसान बनाया, बल्कि पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब कैशलेस इकॉनमी की रेस में सबसे आगे है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की ताजा रिपोर्ट में भारत को फास्ट पेमेंट्स का बादशाह बताया गया है। हर महीने 18 अरब से ज्यादा ट्रांजेक्शन के साथ यूपीआई ने वो कमाल कर दिखाया, जो कोई और देश सोच भी नहीं सकता। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई ने भारत को नकदी और कार्ड से चलने वाली अर्थव्यवस्था से डिजिटल की चमकदार दुनिया में पहुंचा दिया है। छोटे-छोटे दुकानदार, रेहड़ी-पटरी वाले और करोड़ों लोग अब यूपीआई पर भरोसा करते हैं। ये सस्ता, सुरक्षित और सबसे तेज है।

साल 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई को लॉन्च किया था। तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि ये सिस्टम इतनी तेजी से हर भारतीय की जिंदगी का हिस्सा बन जाएगा।

### जन-धन से शुरू हुई थी नींव

यूपीआई की इस सफलता की नींव वर्षों पहले जन धन योजना से रखी गई थी। इस योजना के तहत जुलाई 2025 तक 55.83 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों ने करोड़ों लोगों को पहली बार बैंकिंग सुविधा दी, सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे खाते में मिलने लगा और लोगों को सुरक्षित बचत का विकल्प मिला।




### दुनिया के सात देशों में शुरू हुई सेवा

यूपीआई अब भारत तक ही सीमित नहीं है। यह सेवा सात देशों में शुरू हो चुकी है। जिसमें यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरिशस शामिल हैं। वहीं, फ्रांस में यूपीआई की शुरुआत भारत के लिए एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह यूरोप में यूपीआई की पहली एंट्री है। अब वहां रह रहे भारतीय बिना किसी विदेशी पेमेंट झंझट के आसानी से भुगतान कर सकते हैं।

**ब्रिक्स देशों में विस्तार की तैयारी :** पीआईबी के अनुसार भारत चाहता है कि यूपीआई को ब्रिक्स देशों का साझा डिजिटल पेमेंट सिस्टम बना दिया जाए। अगर ऐसा होता है, तो यह विदेशों से पैसे भेजने को आसान बनाएगा, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा और भारत की डिजिटल लीडरशिप को और मजबूत करेगा।

## चिंतन

# कामकाज का गवाह बने मानसून सत्र

आज से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है, यह सत्र काफी हंगामेदार होगा, लेकिन समूचा सत्र हंगामे की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष की सभी मांगों पर गौर करते हुए आश्वासन दिया है कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार अपने आश्वासन पर कायम रहेगी व बीच में विपक्ष कोई अनर्गल मांग नहीं करेगा तो करीब एक माह के इस सत्र में कामकाज शांतिपूर्ण तरीके से हो सकता है। यह सही है कि संसद चलाना सभी सांसदों व दलों की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार का रुख अधिक मायने रखता है कि वह विपक्षी दलों को कितना विश्वास में लेती है। इससे पहले संसद के शीत सत्र के दौरान वक्फ बिल को लेकर काफी हंगामा हुआ था। इस सत्र में विपक्ष के पास कई एजेंडे हैं, जिस पर वह बहस चाहता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जवाब चाहता है। इस दौरान अगर सत्ता पक्ष का अड़ियल रुख रहा तो, मानसूत्र में भी विपक्ष का हंगामा व नारेबाजी देखने को मिल सकती है। ऐसा हुआ तो यह सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ेगा। विपक्ष पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीजफायर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व पाक के बीच संघर्ष विराम के अनेक बार मध्यस्थता के दावे, भारत की विदेश नीति, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर संसद में बहस चाहता है। पहलगाम की आतंकी घटना व ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए 3 जून को 16 विपक्षी दलों ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग की थी, जिसे सरकार ने यह कर टाल दिया था कि चर्चा मानसून सत्र में ही होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ एक भी मुस्लिम देश समेत किसी देश का नैतिक रूप से साथ नहीं होने को विदेश नीति की विफलता कहकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा है कि इस सत्र में 17 विधेयक सरकार के एजेंडे में हैं। सत्र 21 से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा, पहले यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित था। सत्र का समय बढ़ने के पीछे माना जा रहा है कि बिहार चुनाव को देखते हुए सरकार का कोई सीक्रेट एजेंडा है। हालांकि 13 से 18 अगस्त के बीच कोई बैठक नहीं होगी। अंतिम चार दिनों सरकार कोई महत्वपूर्ण बिल ला सकती है। प्रधानमंत्री द्वारा संसद में विपक्ष के मुद्दों पर स्वयं जवाब देने की संभावना बहुत कम है। जब भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर चर्चा होगी, सरकार उचित जवाब देगी। राजग सहित कई नेता ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से सरकार की विदेश पहुंच की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए चर्चा भी चाहते हैं। सरकार संसद में अपना विचार रखने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी मैदान में उतार सकती है। सरकार ने महीने भर चलने वाले सत्र के दौरान संसद के सुचारू संचालन में विपक्ष से सहयोग मांगा है। संसद को चलाने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए, यह बहुत जरूरी है। सरकार का रुख लचीला हो और विपक्ष का मकसद संसद में केवल और केवल हंगामा न हो। सांसदों की कोशिश जनता के व्यय को अपव्यय करना न हो। संसद हंगामे का अखाड़ा बनने की बजाय कामकाज का राष्ट्रमंदिर बने। सत्र का सार्थकता ही देशहित में है। दलगत भावना से ऊपर उठकर सांसद अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझेंगे।

## बड़ी समस्या

राकेश अचल



# कुत्तों की आवारगी पर बड़ी अदालत का रुख

इंसानों की आवारगी पर आज तक देश का कोई कुत्ता सर्वोच्च न्यायालय नहीं पहुंचा लेकिन इंसान आवारा कुत्तों के मुद्दे पर देश की सबसे बड़ी अदालत तक जा पहुंचा। संवेदनशील माननीय अदालत ने आवारा कुत्तों के बारे में याचिका सुनी भी और कुछ निर्देश भी दिए जो देशभर के कुत्ता विरोधियों के लिए एक सबक है। देश के आवारा कुत्तों की ओर से मैं सर्वोच्च न्यायलय का आभार व्यक्त करता हूँ। मेरी दादी फूलकुंवर देवी निरक्षर थीं लेकिन सांसारिक मुद्दों पर उनका ज्ञान असीमित था। वे आवारा कुत्तों को उसी स्नेह से रोटी खिलाती थीं जितने स्नेह से गाय को। सनातन भारतीयों के लिए आवारा गाय फिर भी पूजनीय है लेकिन आवारा कुत्ता नहीं। दादी आवारा, बेसहारा कुत्तों को 'बिना झोली का फकीर' कहती थीं। कमोवेश यही बात माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कही है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को खाना देने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से ही सवाल पूछ लिए। अदालत ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, "क्या हमें इन बड़े दिल वाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? इन जानवरों के लिए तो पूरी जगह है लेकिन इंसानों के लिए कोई जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।" यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है। इस पर वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को परेशान किया जा रहा है और वह पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुसार सड़कों पर रहने वाले कुत्तों को खाना देने में असमर्थ है। पशु जन्म नियंत्रण नियमावली, 2023 का नियम 20 सड़कों पर रहने वाले पशुओं के भोजन से संबंधित है और यह परिसर या उस क्षेत्र में रहने वाले पशुओं के भोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का दायित्व स्थानीय 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन' या 'अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन' या स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि पर डालता है। शीर्ष अदालत ने इस पर कहा, "हम आपको अपने घर में ही एक आश्रय स्थल खोलने का सुझाव देते हैं। गली-मोहल्ले के प्रत्येक कुत्ते को अपने घर में ही खाना दें।" याचिकाकर्ता के वकील ने नियमों के अनुपालन का दावा किया और कहा कि नगर प्राधिकार ग्रेटर नोएडा में तो ऐसे स्थान बना रहा है लेकिन नोएडा में नहीं। ऐसे स्थानों पर भोजन केंद्र बनाए जा सकते हैं जहां लोग अक्सर नहीं आते। पीठ ने इस पर पूछा, "आप सुबह साइकिल चलाने जाते हैं? ऐसा करके देखिए क्या होता है।" जब वकील ने कहा कि वह सुबह की सैर पर जाते हैं और कई कुत्तों को देखते हैं तो पीठ ने कहा, "सुबह की सैर करने वालों को भी खतरा है। साइकिल सवार और दोपहिया वाहन चालकों को ज़्यादा खतरा है।" इसके बाद पीठ ने इस याचिका को इसी तरह के एक अन्य मामले पर लंबित याचिका के साथ संलग्न कर दिया। इससे पहले उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए नियमों के प्रावधानों को उचित देखभाल और सतर्कता के साथ लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया। न्यायालय ने कहा, "कानून के प्रावधानों के अनुसार गलियों में रहने वाले कुत्तों का संरक्षण आवश्यक है लेकिन साथ ही अधिकारियों को आम आदमी की चिंता को भी ध्यान में रखना होगा ताकि इन आवारा कुत्तों के हमलों से सड़कों पर उनकी आवाजाही बाधित न हो।" 2019 की पशुधन गणना के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 1.53 करोड़ थी, जो 2012 में 1.71 करोड़ थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है, और यह रेबीज जैसी बीमारियों के प्रसार का प्रमुख कारण भी है। भारत में कुत्तों की आवारगी भले ही एक राष्ट्रीय समस्या है लेकिन ये ही भारतीय कुत्ते को भगवान भैरव की सवारी मानकर उसे पूजते भी हैं। टोटके करने वाले लोगों को काले कुत्ते को रोटी खिलाने की सलाह देते हैं। हमारे समाज में कुत्ते की मौत को सबसे घृणित और निकृष्ट मानकर इसे गाली के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। दुर्भाग्य ये है कि देश में आवारा इंसानों के लिए हवालातें और मर्सी होम्स हैं। आवारा गायों के लिए गोशालाएं हैं लेकिन कुत्तों के लिए कोई माकूल इंतजाम नहीं है। कुत्ते आये दिन इंसानों की क्रूरता और नृशंसता के शिकार होते हैं, वाहनों से कुचले भी जाते हैं। विदेशों में कुत्ते इंसानों की तरह सम्मानित जीवन जीते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मानसून सत्र
प्रमोद भार्गव

21 जुलाई से मानसून सत्र शुरू हो रहा है। यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

# अखाड़ा बनकर न रह जाए संसद

इक्कीस जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र को गर्माए रखने के लिए कांग्रेस समेत लगभग समूचे विपक्ष ने अपने-अपने हथियार भांज लिए हैं। गोया, यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। चुनाव आयोग की इस बड़े प्रयास पर समूचा विपक्ष बड़े राजनीतिक संग्राम की तैयारी में जुटा है। लोकसभा चुनाव की तरह एक बार फिर से इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के दल एकजुट होते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बैठक भी की है। इस हंगामे में मुख्य रूप से कांग्रेस, राजद और तृणमूल कांग्रेस कार्यस्थगन प्रस्ताव ला सकते हैं। अतएव आशंका है कि बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

सरकार ने इस सत्र में 8 नए विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किए हैं। इन विधेयकों में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर संशोधन विधेयक-2025, सार्वजनिक न्यास प्रणाली (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक-2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक-2025, पुरातत्व धरोहर स्थल और अवशेष (संरक्षण और देखरेख विधेयक-2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2025 एवं राष्ट्रीय डोपिंग (कचरा) रोधी संशोधन विधेयक-2025 शामिल हैं। इन विधेयकों पर सहमति बनाए जाने की चर्चा से पहले विपक्ष चाहेगा कि पहलगाम हमले में गुप्तचर तंत्र की नाकामी, सैन्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेशी हस्तक्षेप, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के दावों के बीच सेना के अभियान को अचानक क्यों रोका गया जैसे मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा हो। विपक्ष की मंशा, मुद्दों की सच्चाई से कहीं ज्यादा सरकार को घेरना है। सत्तारुढ़ पक्ष इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे बताकर चर्चा से बचने की कोशिश कर सकता है ? इन बड़े मुद्दों के अलावा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के निवास में लगी आग के दौरान नकद राशि जलने के मामले में महाअभियोग लाने की पैरवी करने के साथ ओडिशा की छात्रा के साथ हुए अत्याचार जैसे मुद्दे भी सदन में गरमा सकते हैं। न्यायमूर्ती वर्मा के मामले में सरकार को उम्मीद है कि यदि वह इस मुद्दे पर महाअभियोग चलाने का प्रस्ताव लाती है तो उसे सभी दलों का समर्थन मिल सकता है। संभव है इस प्रक्रिया के शुरू होने से पहले वर्मा इस्तीफा दे दें। यदि नहीं देते हैं तो संसद में इस मुद्दे पर तीखी बहस संभव है। यदि बहस होती है तो न्यायाधीशों की मनमानी नियुक्ति प्रक्रिया पर भी गहन विमर्श होना तय है।


कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल मतदाता सूची को लेकर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। जबकि सत्तारुढ़ दल चुनाव आयोग की जानकारी के आधार पर विपक्ष के



आरोपों का जवाब देने की तैयारी कर रहा है। बावजूद तेलुगु देशम पार्टी द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर सवाल उठाए जाने से सरकार की चुनौतियां बढ़ी हुई हैं। इधर निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का ऐसा बयान आया है, जिसे सरकार अपनी ढाल बनाने का काम करेगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में एसआइआर के तहत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के प्रयास में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने में आई है। बिहार के 7.9 करोड़ मतदाताओं में से महज 6.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अब तक विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना फार्म नहीं भरे हैं। हालांकि राहुल गांधी, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव ने इस कवायद पर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं, जिन पर संसद में बहस हो सकती है। दरअसल समूचा विपक्ष इसलिए चिंतित है, क्योंकि पहली बार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हुई है। यही वह समय है, जब राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा सरकारें घुसपैठियों को देश से विस्थापित करने के राष्ट्रहितैषी काम में लगी हैं। इस बाबत असम के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने ठीक ही कहा है कि असम जैसे राज्य में घुसपैठिए एक ही धर्म के लोग हैं, जो कांग्रेस समेत गैर भाजपा दलों को वोट करते हैं। इन घुसपैठियों को बाहर कर देने से ये दल हार के खतरे को अनुभव कर रहे हैं। जबकि घुसपैठिए कई राज्यों का जनसांख्यिकी घनत्व बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। सम के सीमावर्ती जिलों अररिया, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिलों की मतदाता सूची में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों के नाम मिले हैं। एक अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या 15 लाख से अधिक हो सकती है। गृह विभाग ने भी कई जिलों में बांग्लादेशियों की संख्या को लेकर रिपोर्ट पेश की है। इसके अनुसार सीमांचल में अवैध घुसपैठियों के कारण कई जिलों का जनसांख्यिकी गणित पूरी तरह गड़बड़ा गया है। 1951 से 2011 तक देश की कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी जहां चार प्रतिशत बढ़ी है, वहीं सीमावर्ती जिलों में यह आंकड़ा करीब 16 प्रतिशत है। सरकारी दस्तावेजों में ये लोग भारतीय नागरिक बनते जा रहे हैं। इस कारण उन्हें अनेक केंद्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस कारण उनका भारत की जमीन पर रहना आसान हो गया है। अतएव प्रस्तावित विधेयकों की बजाय मतदाता सूची पर ज्यादा हंगामा होना तय है। यदि संसद में राजनीतिक गतिरोध बना रहता है और संसद अखाड़े में तब्दील होती रही तो उन विधेयकों और अधिनियमों पर बारीकी से बहस संभव नहीं है, जो देश की 1.4 करोड़ जनता की भलाई व नियमन के लिए कानून बनने जा रहे हैं? प्रत्येक सांसद का दायित्व बनता है कि वह विधेयकों के प्रारूप का गंभीरता से अध्ययन करे, जिससे यह समझा जा सके कि उसमें शामिल प्रस्ताव देश व जनता के हित से जुड़े हैं अथवा नहीं? लेकिन राज्यसभा और लोकसभा का यह दुर्भाग्य है कि ज्यादातर सांसद अधिनियम के प्रारूप पर चर्चा करने की बजाय, ऐसे मुद्दों को बेवजह बीच में घसीट लाते हैं, जिनसे उनकी क्षेत्रीय राजनीति चमकती रहे। ऐसी स्थिति सत्तारूढ़ सरकार के लिए लाभदायी होती है, क्योंकि वह बिना किसी बहस-मुबाहिशे के ही ज्यादातर विधेयक पारित करा लेती है। जबकि विपक्ष सार्थक बहस करने की बजाय गाहे-बगाहे सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहकर संसद का समय जाया कर देता है। प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दृष्टि से यह स्थिति देशहित में कतई नहीं है। इस लिहाज से सत्तारूढ़ सरकार और दल का कर्तव्य बनता है कि वह राजनीतिक गतिरोध का समाधान, राजनीतिक तौर-तरीकों से ही निकाले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
## दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।
राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे?
रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# अहंकार ही समस्याओं का कारण



संकलित
## प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सावन महीने से भगवान शिव का है शाश्वत संबंध

सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह हरियाली, सुंदरता, सकारात्मकता, शुभता और पवित्रता का महीना होता है, जो प्राय: संपूर्ण सृष्टि के लिए नवोन्मेष एवं नवजीवन का उपहार लेकर आता है। सच कहा जाए तो ज्येष्ठ-आषाढ़ की तपती गर्मी, चिलचिलाती धूप, उमस और पसीने से परेशान संपूर्ण प्राणी जगत को सावन महीने की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि इस महीने में होने वाली रिमझिम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आती है और प्रकृति में सुखद परिवर्तन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप संपूर्ण सृष्टि में तृप्ति और तुष्टि का प्रसार होता है तथा प्राणियों के जीवन में उमंग, उल्लास और प्रसन्नता का संचार होने लगता है। सारा संसार शिवमय हो जाता है।

*–रमेश कश्यप, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### 'एक पेड़ मां के नाम'



वन महोत्सव में माननीय न्यायाधीशों की भागीदारी हर किसी को प्रेरित करने वाली है। मुझे विश्वास है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को इससे एक नई गति मिलेगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### विनम्र श्रद्धांजलि!



भारत माता के वीर सपूत, अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपका बलिदानी और साहसिक जीवन स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा है, जो सदैव हम सभी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### नारी शक्ति मेरी प्रेरणा



मैं स्वयं को दिल्ली की हर उस नारी की प्रतिनिधि मानती हूँ जो निस्वार्थ भाव से अपने घर, समाज और राष्ट्र की नींव को सींच रही है। यही नारी शक्ति मेरी प्रेरणा है, मेरा दायित्व है। उनकी आकांक्षाएँ नीतियों की दिशा तय करती हैं और उनका संघर्ष मेरे संकल्पों को दृढ़ता देता है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### युवाओं को रोजगार



महारोज़गार मेला में उमड़ा जनसैलाब सिर्फ़ भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है। नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से युवाओं को पलायन करना पड़ता है।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# नेपाल के पीएम ओली मध्य सितंबर में भारत आएंगे

नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली सितंबर के मध्य में भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने कहा, प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, यात्रा की तारीख और विस्तृत कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि ओली 16 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बार यह यात्रा संक्षिप्त होगी, संभवत: सिर्फ दो दिन के लिए ही होगी।



नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली पिछले साल जुलाई में, चौथी बार प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को सीपीएन-यूएमएल के नाम से भी जाना जाता है। ओली प्रधानमंत्री पद का संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा के तौर पर भारत आने की बजाय चीन गए थे। उन्होंने पिछले वर्ष दिसंबर में चीन के प्रधानमंत्री ली. कियांग के निमंत्रण पर उक्त देश का दौरा किया था। ओली ने अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान बीजिंग में पीकिंग यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया था तथा राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री कियांग से मुलाकात की थी।

## ऑफ बीट

# तेल व गैस कुओं के पास रहने वालों बच्चों को ल्यूकीमिया

'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' भले ही दुर्लभ होता है लेकिन यह बच्चों में होने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है। यह अस्थि मज्जा में शुरू होता है और तेजी से बढ़ता है।



इन मामलों में लंबे समय तक जीवित रहने की दर 90 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन कई रोगियों को जीवन भर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें हृदय संबंधी समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और दूसरी बार कैंसर होने का अधिक जोखिम शामिल है। अमेरिका में कैंसर की कुल दर 2002 से घट रही है लेकिन बचपन में होने वाले 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति इस बीमारी के केवल इलाज पर ध्यान देने के बजाय रोकथाम की आवश्यकता को और भी अधिक रेखांकित करती है। अध्ययन सामग्री से पता चलता है कि तेल और प्राकृतिक गैस के कुओं से निकलने वाले रसायनों के संपर्क में आने से बच्चों में 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' होने का खतरा बढ़ जाता है। हम पर्यावरण महामारी विज्ञान के अध्ययनकर्ता हैं, जो कोलोराडो और पेंसिल्वेनिया में तेल और प्राकृतिक गैस विकास कार्यों से जुड़े स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## अगस्त में शुरू होगी बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान अपनी पिछली फिल्म 'सिकंदर' से ऑडियंस को निराश करने के बाद अब दमदार वापसी की तैयारी में लग गए हैं। एक्टर ने हाल में ही अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का ऐलान किया था। अब फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में लग गए हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगस्त से शुरू होने जा रही है। पिछले कुछ महीनों से सलमान इसी फिल्म के लिए अपनी फिटनेस पर ध्यान दे रहे थे। अपूर्व लखिया के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान, 2020 में भारत-चीन के बीच गलवान घाटी में हुए टकराव पर आधारित होगी। यह एक वॉर ड्रामा फिल्म होगी।

लाइफ Style



## उर्फी
## पैपराजी से चेहरा छिपाती आईं नजर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

उर्फी जावेद का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी के सामने से भागती नजर आ रही हैं। वह पोज देने से भी बचती दिख रही हैं। उर्फी का कहना था कि उनके होंठ काफी सूज गए हैं। इसकी वजह वह पैपराजी को नहीं बताती हैं। लेकिन ,अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रॉब्लम को डिस्कस करती हैं।

वायरल वीडियो से इतर उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पोस्ट साझा की है। जिसमें वह लिखती हैं, '18 साल की उम्र से मैं लिप फिलर ट्रीटमेंट ले रही हूं। हाल ही में मैंने इन्हें रिमूव करवाया है।'उर्फी कुछ दिन बिना लिप फिलर के ही नजर आएंगी। जल्द ही दोबारा इस ट्रीटमेंट को ले सकती हैं। इसी कारण से उनके होंठ सूज गए हैं। कई बार एलर्जी के कारण भी उर्फी के साथ ऐसा होता है। उर्फी अक्सर ही एलर्जी का शिकार भी होती हैं, जिससे उनके चेहरे पर सूजन आ जाती है। इस इंफ्लुएंसर ने बताया है कि वह इस दिक्कत का ट्रीटमेंट भी ले रही हैं। मगर जब-तब उनको यह समस्या आ जाती है।

हाल ही में उर्फी जावेद ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स'जीता है। इस शो को जीतने के कारण वह चर्चा में आईं। सोशल मीडिया पर उर्फी की खूब ट्रोलिंग भी हुई। साथ ही उन्हें कई यूजर्स ने भला-बुरा भी कहा, गालियां तक दी हैं। इस बात को उर्फी ने खुलकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। कुछ समय पहले उर्फी की लाइफ को लेकर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार'आया था। इसमें उन्होंने अपनी जिंदगी को दिखाया था। साथ ही अपनी लाइफ, स्ट्रगल से जुड़ी कई बातें भी साझा की थी।

हॉलीवुड मसाला



## जोश ने ब्रायना से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे। 34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।



## लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गिरते-गिरते बचीं

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी पॉप सिंगर कैटी पेरी का हालिया परफॉर्मेंस उनके लिए किसी डरावने अनुभव से कम नहीं रहा। कॉन्सर्ट के दौरान वो लगभग परफॉर्म करते-करते गिरने वाली थीं, गनीमत रही कि उन्होंने खुद को संभाल लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। सैन फ्रांसिस्को में चल रहे 'लाइफटाइम्स टूर'के दौरान सिंगर एक विशाल तितली के आकार वाले प्रॉप पर बैठकर अपनी हिट सॉन्ग रॉर परफॉर्म कर रही थीं, तभी अचानक उसी प्रॉप में तकनीकी खराबी हो गई। प्रॉप हवा में झूल रहा था, तभी वो अपना बैलेंस खो बैठा और कैटी लगभग नीचे गिरने वाली थीं। लेकिन, कैटी ने अपने आप को शांत रखते हुए अपना गाना नहीं छोड़ा। सिंगर के इसी प्रोफेशनलिज्म की फैंस तारीफ कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## रावण के नजरिए से बनेगी रामायण

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा 'भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है।' सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना। उन्होंने खुलासा किया 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है।



## वीकएंड पर आई सैयारा की आंधी

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा। अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला है। फिल्म ने दूसरे दिन भी अच्छी कमाई की है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने पहले दिन 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म ने अब तक 45 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। 18 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में अनीता पड्डा भी अहम किरदार में हैं।

टीवी मसाला



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पहले ये कॉमेडी सीरियल भी हुए खूब फेमस

नई दिल्ली। कई साल से कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। लेकिन, यह अकेला कॉमेडी शो नहीं है जो चर्चा में है। 90's में कई कॉमेडी सीरियल टेलीकास्ट हुए जिनकी चर्चा आज तक होती है। आज सास-बहू के नाम पर टीवी सीरियल में ड्रामा, साजिश दिखाई जाती है। लेकिन 1996 के सीरियल 'तू तू मैं मैं' में सास-बहू की नोक-झोंक को कॉमेडी के अंदाज में दिखाया जाता है। साथ ही सास-बहू के बीच की प्यारी बॉन्डिंग भी इस सीरियल में नजर आती थी। 'तू तू मैं मैं' में सास के रोल में रीमा लागू और बहू के रोल में सुप्रिया पिलगांवकर थीं। साल 1989 में टेलीकास्ट हुए सटायर कॉमेडी सीरियल 'फ्लॉप शो' में कॉमेडियन जसपाल भट्टी ने दर्शकों को खूब हंसाया। वह सीरियल में एक तरफ हंसी का तड़का लगाते थे, वहीं सिस्टम, सोसायटी और पॉलिटिक्स पर सटायर भी करते थे। इस शो में उनका साथ पत्नी सवित भी देती थीं। आर. माधवन आज बॉलीवुड और साउथ के चर्चित एक्टर हैं लेकिन उनकी शुरुआत टीवी से हुई। माधवन ने कॉमेडी सीरियल 'घर जमाई(1997)' में दर्शकों को खूब हंसाया। इस सीरियल में एक पंजाबी ससुर और दक्षिण भारतीय दामाद के रिश्ते की कहानी दिखाई जाती थी। माधवन के किरदार सुब्बू की पत्नी के रोल में मंदिरा बेदी नजर आई थीं।

### तुलसी ने याद दिलाया मां-पत्नी-बहू का फर्ज

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी... टीवी की वो शो है, जो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन उसकी कहानी और किरदारों की चर्चा आज भी खूब होती है। टीवी क्वीन एकता कपूर के इस शो लोगों ने खूब प्यार दिया था। लोगों को प्यार को देख एकता एक बार फिर से 'शांति निकेतन की यादों को ताजा करने के लिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ला रही हैं। शो का पहला प्रोमो सामने आने के बाद फैंस शो के लिए एक्साइटेड थे। अब मेकर्स ने दूसरे प्रोमो के साथ एक्साइटमेंट लेवल को और हाई कर दिया है। क्योंकि, उन्होंने शो की रिलीज डेट के साथ टाइमिंग का भी ऐलान कर दिया है। शो में एक बार फिर स्मृति ईरानी नजर आने वाली हैं।



स्टार प्लस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शो का टीजर रिलीज किया है। इसमें स्मृति ईरानी की झलक है। उनकी एंट्री के साथ बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'कभी-कभी सोचती हूं, अपने वो नहीं जो तस्वीरों में साथ खड़े होते हैं। अपने वो हैं जो तकलीफों में साथ खड़े होते हैं। लगता है जैसे कल की ही बात हो जब मैं शांति निकेतन आई थी, जहां एक छत के नीचे रहकर भी दिलों में फासले थे. कभी बच्चे राह से भटके, कभी बहू-बेटियों में फर्क किया गया, पर एक मां-पत्नी और बहू का फर्ज कहता है उसूलों के साथ प्यार हो तो परिवार जुड़ा रहता है।

## छह महीनों में 17 फिल्मों ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ की कई फिल्में 2025 में रिलीज हो चुकी हैं। जबकि साल के सेकंड हाफ यानी जुलाई से दिसंबर में अभी कई बड़ी फिल्में रिलीज होनी बाकी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पिछले 6 महीनों में कौनसी फिल्में हैं, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार किया है। वहीं इनमें बॉलीवुड की कितनी हैं? साउथ से कितनी हैं और हॉलीवुड से कितनी हैं? दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इसमें आठ बॉलीवुड की फिल्में हैं, जबकि हॉलीवुड की एक और साउथ की नौ फिल्में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में पहले नंबर पर छावा है, जिसने 693 करोड़ की कमाई भारत में की है। वहीं, अन्य बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर ने 201 करोड़, हाउसफुल 5 ने 200 करोड़, रेड 2 ने 199 करोड़, स्काई फोर्स ने 130 करोड़, सिकंदर ने 121 करोड़, केसरी चैप्टर 2 ने 109 करोड़ और जाट ने 103 करोड़ की कमाई की है। साउथ की फिल्मों को देखें तो लिस्ट में दूसरे नंबर पर सांक्रितिकी वास्तुनम है, जिसने 222 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद गुड बैड अग्ली ने 183 करोड़, गेम चेंजर ने 153 करोड़, थुडरुम ने 144 करोड़, एल2ई एम्पुरान ने 126 करोड़, ड्रैगन ने 122 करोड़, डाकू महाराज ने 109 करोड़, कुबेरा ने 106 करोड़ की कमाई हासिल की है। हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग ने 121 करोड़ की कमाई भारत में हासिल की है। जबकि जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वही, सुपरमैन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।




## नसीरुद्दीन शाह की रोमांटिक फिल्में इन किरदारों से जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के उन दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने हर तरह के किरदार को अपनी शानदार अदाकारी से जीवंत किया है। चाहे कैसा भी किरदार क्यों न हो नसीरुद्दीन शाह का अभिनय उस किरदार में जान फूंक देता है। गंभीर रोल हो, खलनायक की भूमिका हो या फिर रोमांटिक किरदार, नसीरुद्दीन ने हर बार दर्शकों का दिल जीता है। आइए, जानते हैं उनकी कुछ खास फिल्मों के बारे में, जहां उन्होंने रोमांटिक किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।

**स्पर्श** : 1980 में आई सई परांजपे के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्पर्श' में नसीरुद्दीन शाह ने अनिरुद्ध परमार का किरदार निभाया। यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें नसीर एक नेत्रहीन स्कूल प्रिंसिपल बने, जो कविता (शबाना आजमी) से प्यार कर बैठते हैं। दोनों के बीच स्पर्श के जरिए पनपने वाला प्यार दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस फिल्म के लिए नसीर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

**बाजार** : सागर सरहदी की फिल्म बाजार



1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने सलीम का किरदार निभाया। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ प्यार की भावनाओं को भी दिखाती है। नसीर के किरदार और स्मिता पाटिल, फारुख शेख जैसे कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस फिल्म को यादगार बना दिया।

**इश्किया** : फिल्म इश्किया में नसीरुद्दीन ने खालूजान का किरदार निभाया है, जो एक चालाक लेकिन दिल से रोमांटिक ठग है। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृष्णा (विद्या बालन) के साथ उनकी केमिस्ट्री और मजेदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आए। नसीरुद्दीन ने इस किरदार में कॉमेडी और रोमांस का शानदार तालमेल दिखाया।

**द डर्टी पिक्चर** : फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' में नसीरुद्दीन ने सूर्यकांत का किरदार निभाया, जो एक मशहूर फिल्म स्टार है। रेशमा उर्फ सिल्क (विद्या बालन) के साथ उनके रोमांटिक और जटिल रिश्ते को नसीरुद्दीन ने बखूबी पेश किया। उनका यह किरदार प्रेम, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की भावनाओं को दर्शाता है। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी।

**मासूम** : शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' 1983 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने एक शादीशुदा व्यक्ति का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में प्यार और जिम्मेदारियों का तालमेल दिखाया गया। उनके संजीदा और रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस फिल्म में शबाना आजमी और सुप्रिया पाठक के साथ उनकी जोड़ी को खूब सराहा गया।

### पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर जैसी फिल्मों में किया था बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम

## डॉन के प्रोड्यूसर के पास नहीं बची थी फूटी कौड़ी, चंद्र बरोट ने पूरी की शूटिंग

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन की 1978 की कल्ट क्लासिक फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्र बारोट का रविवार, 20 जुलाई को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। डायरेक्टर चंद्र बारोट का जन्म तंजानिया में हुआ था और वो वहीं बड़े हुए थे। वहां बैंक में काम करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया. यहां मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। चंद्र ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक डॉन दी, बल्कि पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान अभिनीत फिल्म 'डॉन (1978)' भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्र बरोट ने किया था। यह फिल्म इतनी कामयाब रही थी कि इसी के नाम पर दो और फिल्में बनीं हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म से जुड़े कुछ किस्से।*

### नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए बनाई गई डॉन

डॉन'फिल्म को बनाने का काम तब शुरू हुआ जब अभिनेता-निर्माता नरीमन ईरानी की फिल्म 'जिंदगी जिंदगी' (1972) असफल हो गई। इसकी नकामी के बाद ईरानी कंगाल हो गए। नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए निर्देशक चंद्र बरोट ने उनकी इस फिल्म में अपना हाथ लगाया। फिल्म में अमिताभ बच्चन को कास्ट किया गया। इसकी पटकथा के लिए सलीम-जावेद से हाथ मिलाया गया है। इसके बाद यह फिल्म बनाई गई।

### अमिताभ ने फीस नहीं लेने का किया वादा

बताया जाता है कि नरीमन ईरानी उन दिनों 12 लाख रुपए के कर्ज में थे। उस वक्त यह बड़ी रकम थी। ऐसे में कर्ज से उबरने के लिए अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और चंद्र बरोट ने उन्हें एक और फिल्म बनाने की सलाह दी। उस वक्त नरीमन ईरानी से अमिताभ बच्चन ने कहा था कि अगर उनकी फिल्म हिट होती है, तो वह अपनी फीस लेंगे वरना वह फिल्म में काम करने का काई पैसा नहीं लेंगे। ऐसे में ईरानी फिल्म बनाने को राजी हो गए। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी चंद्र बरोट ने संभाली।



**अमिताभ और बरोट को पसंद आई कहानी** : नरीमन ईरानी जब कहानी लेकर आए तो चंद्र बरोट ने इस पर काम करना शुरू किया। यह कहानी अमिताभ और चंद्र बरोट दोनों को पसंद आई। इस कहानी को पहले से ही लोग 'डॉन' कहानी के नाम से बुलाते थे। चंद्र बरोट को भी यह नाम पसंद आया। ऐसे में ईरानी ने डॉन के नाम से इस कहानी को रजिस्टर करा दिया।

### मुफ्त में मिली डॉन की कहानी

नरीमन ईरानी जब फिल्म बनाने को तैयार हुए तो उनके पास कोई कहानी नहीं थी। ऐसे में अमिताभ ने ईरानी को सलाह दी कि वह कहानी के लिए सलीम-जावेद से संपर्क करें। ईरानी ने ऐसा ही किया। सलीम-जावेद ने ईरानी को बहुत महंगी कहानी सुनाई। इसके बाद वहीदा रहमान की सिफारिश पर सलीम-जावेद ने ईरानी को एक फिल्म की कहानी दी। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म हिट हुई तो पैसे देना, वर्ना पैसे मत देना। यह कहानी कोई और नहीं, बल्कि फिल्म डॉन की कहानी थी।

### हिट हुई फिल्म डॉन

पहले तो फिल्म को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला, हालांकि कुछ दिनों के बाद फिल्म पर लोगों ने अपना प्यार लुटाना शुरू किया। बताया जाता है कि यह फिल्म 70 लाख में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 7.20 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म के 5 गाने हिट रहे। इसे तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले।

### तबेले में हुई फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। चूंकि, नरीमन ईरानी के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में चंद्र बरोट ने महंगे सेटों पर शूटिंग न करके फिल्म की मुंबई की गलियों में शूटिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का गाना 'खईके पान बनारस वाला' की शूटिंग तबेले में हुई थी।

**फिल्म रिलीज से पहले हुआ बड़ा हादसा** : हैरानी की बात यह है कि फिल्म के पूरा होने से पहले ही इसके निर्माता नरीमन ईरानी का निधन हो गया। नरीमन ईरानी राजकमल स्टूडियो में थे, तभी बादल फटने से दीवार गिरी और उनका निधन हो गया। हालांकि, चंद्र बरोट ने फिल्म का काम नहीं रोका। तीन साल के बाद उन्होंने इस फिल्म को बिना प्रचार के रिलीज किया।

# राष्ट्र संकट में हो तो पार्टी हितों को छोड़कर देशहित और सुरक्षा सर्वोपरि

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थरूर का बड़ा बयान



एजेंसी ▶▶ कोच्चि

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शशि थरूर ने कहा कि उनके लिए 'देश पहले है, पार्टी बाद में।' उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का जरिया होते हैं और सभी पार्टियों को उस मकसद तक पहुंचने के अपने-अपने तरीके अपनाने का हक है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर कोच्चि में शांति, सौहार्द और राष्ट्रीय विकास विषय पर एक निजी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### देश के प्रति निष्ठा होनी चाहिए

थरूर ने कहा कि आपकी पहली निष्ठा किसके प्रति होनी चाहिए? मेरे हिसाब से देश के प्रति। राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का एक माध्यम होते हैं। सभी पार्टियों का एक ही उद्देश्य होता है, देश को आगे ले जाना, भले ही तरीका अलग हो। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाल ही में सीमा से जुड़े मुद्दों और सशस्त्र बलों के मामलों में सरकार और फौज का समर्थन किया था। उन्होंने कहामैं अपनी बात पर कायम रहूंगा।

### राष्ट्र हित में सभी दल साथ आएं

थरूर ने कहा कि राजनीति एक तरह की स्पर्धा है। हम अपने दलों की विचारधाराओं और मूल्यों का सम्मान करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर पार्टियों को मिलकर काम करना चाहिए।

## कुत्ते ने किया लहुलुहान, मालिक पर मामला दर्ज

मुंबई। मुंबई में पूर्वी उपनगर में एक पालतू कुत्ते ने 11 वर्षीय लड़के पर हमला करके घायल कर दिया जिसके बाद कुत्ते के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि कल रात मानखुर्द इलाके में हुए हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल लड़के के पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपी सोहेल हसन खान (43) ने अपने पिटबुल कुत्ते को उस बच्चे पर छोड़ दिया।

# ऐसे में कैसे होगी हवाई यात्रियों की सुरक्षा: डीजीसीए में तकनीकी पदों की लगभग आधी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) में तकनीकी पदों की भारी कमी ने भारतीय विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और दक्षता को लेकर चिंता बढ़ा दी है। डीजीसीए में कुल 1674 स्वीकृत पदों में से 503 ग्रुप-ए तकनीकी पद खाली हैं, जो कुल पदों का लगभग 30 फीसदी है। यह कमी ऐसे समय में सामने आई है, जब जून 2025 में हुए एयर इंडिया फ्लाइट 171 हादसे, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई थी, के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की जांच तेज हो गई है। विदित हो कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय विमानन क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ ही तकनीकी खामियों और उड़ान रद्द होने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने माना कि, डीजीसीए में विशेषज्ञों की कमी है, जिसका असर देश के विमानन नियामक की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है। एक पूर्व डीजीसीए अधिकारी ने बताया कि डीडीजी पदों के खाली रहने से अगले स्तर की पदोन्नति भी रुकी हुई है।

■ अनुभव की अनिवार्यता से पदोन्नति भी रुकी

### डीजीसीए में कहां कितने पद हैं खाली

एक पूर्व नौकरशाह ने बताया, डीजीसीए के तकनीकी अधिकारी सुरक्षा निगरानी, अनुमोदन और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन पदों की कमी न केवल सुरक्षा को प्रभावित करती है, बल्कि नियामक की दक्षता को भी कम करती है। उन्होंने इसे दिल्ली पुलिस से डीसीपी पदों को हटाने के समान बताया, जिससे संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर पड़ता है। डीजीसीए की एक आंतरिक रिपोर्ट के अनुसार, डीजीसीए में उप-महानिदेशक (डीडीजी) के 6 पद वायुयोग्यता निदेशालय में, 6 ऑपरेशंस में, 2 हवाई सुरक्षा में और 4 अन्य निदेशालयों में खाली हैं। इसके अलावा, संयुक्त महानिदेशक (जेडीजी) का एक पद भी रिक्त है।

आ रहा है आसमान का शिकारी!

# अपाचे की एंट्री से थरथर कांपेगा दुश्मन, ताकत उड़ाएगी होश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

15 महीने से ज्यादा की देरी के बाद भारतीय सेना को आखिरकार अपाचे एएच-64ई अटैक हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिलने वाली है। ये डिलीवरी पश्चिमी सीमा पर सेना की ताकत बढ़ाने और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों में एयर स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। डिलीवरी शेड्यूल से वाकिफ सूत्रों के अनुसार, पहले तीन हेलीकॉप्टर 22 जुलाई को भारतीय सेना की एविएशन कोर को सौंपे जाने की संभावना है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि अगले दो दिनों में तीन एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर औपचारिक रूप से भारतीय सेना में शामिल किए जाएंगे।

**आज या कल जोधपुर पहुंच जाएंगे हेलीकॉप्टर**

### कई मायनों में खास है अपाचे

एएच-64ई अपाचे दुनिया के सबसे एडवांस्ट मल्टी-रोल अटैक हेलिकॉप्टर्स में से एक है, जो दुर्गम इलाकों में भी हाई इम्पैक्ट वाले हमले करने में सक्षम है। अमेरिकी रक्षा कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित, अपाचे पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, मिस्र और अब भारत में सेवा में है। भारत ने 2015 के एक सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे खरीदे थे। फरवरी 2020 में रक्षा मंत्रालय ने छह और अपाचे के लिए 60 करोड़ डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी। इस बार विशेष रूप से भारतीय सेना के लिए। इसके साथ सेना को एडवांस्ट एयर सपोर्ट केपेबिलिटीज पर सीधा नियंत्रण प्राप्त होता है, जिससे उच्च-खतरे वाले युद्ध क्षेत्रों में जमीनी सैनिकों के साथ समन्वय में सुधार होता है।

### 6 अपाचे की खरीद, पहले 3 आएंगे

ये हेलीकॉप्टर आज या कल यानी 21 या 22 जुलाई तक जोधपुर पहुंच जाएंगे। इस दौरान आधिकारिक तौर पर सौंपे जाने से पहले इनका संयुक्त रसीद निरीक्षण (जेआरआई) किया जाएगा। ये भारतीय सेना के एविएशन कॉर्प्स के लिए खरीदे जा रहे छह अपाचे हेलीकॉप्टरों में से पहले तीन हैं। पश्चिमी सीमा पर इनकी तैनाती के लिए जोधपुर में एक समर्पित स्क्वाड्रन पहले ही तैयार किया जा चुका है।


असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक — शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटे तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप धुल जाए तो पुनः लगा दें। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास, M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist); डॉ. नमित नंदे, MS Ophthalmology — 24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर — मो. 7999450384, 7042974029

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर) — OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553 — समय: सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट — डॉ. नवनीत जैन, डॉ. करूणा जैन — लिली चौक, रायपुर - 492001, फोन: 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक — चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

शाश्वत हॉस्पिटल — Dr. Vikas Mishra, Ophthalmologist & Phaco Surgeon — www.shashwathospital.com

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925 — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 7987119756, 9303508130

epaper: www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED — Email: response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी — Contact for advertisment booking: Raipur- 79871-19756, 6263818152

एजुकेशन स्पेशल — कोटा स्टडी सर्कल भिलाई/रायपुर — Suraj Singh 646/720 NEET — NEET, IIT-JEE, PET/PAT — रायपुर कोटा सेंटर, भाटिया कॉम्पलेक्स, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.) 9301547784 — भिलाई कोटा सेंटर, बिल्डिंग नं. 150, न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें - 9343467254, 7470490884. (RO-6839)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है, उम्र 18-28, वेतन 10,000 +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री संपर्क करें:- 7796880121, 8889257623.(RO-165)

**फैक्ट्री कार्य**

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 07714075490.(RO-6834)

**घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- अमलीडीह रायपुर में घर की साफ सफाई एवं अन्य रख रखाव कार्य हेतु पति पत्नी की आवश्यकता है,खाना बनाने में अनुभवी महिला को प्राथमिकता,परिवार को रहने की सुविधा । संपर्क 8839870056, 6262800019.(RO-174)

**सेल्समैन/आपरेटर**

आवश्यकता है- साड़ी शो-रूम हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं ड्राइवर (लोकल निवासी) आदि आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें। विरदी साड़ी कंकाली पारा रायपुर- 9425522577, 9340477419.(RO-7381)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े के शोरूम में सेल्समैन / सेल्सगर्ल, हेल्पर (मेल / फिमेल), कैशियर, लेडिस टेलर, की आवश्यकता है। संपर्क करे:- क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर 8839347662. (RO-397)

**सेल्स मैनेजर/इंजीनियर**

Requirment- Required Sales Manager IT- 02 Qualification- MBA, BBA, Bcom, Mcom. Team leader IT- 02 Qualification - B.Tech, MCA, BCA.( minimum 1 years of experience leading an IT team). Software Support Engineer- 04, IT Trainer- 04, Jr. Accountant - 03, Hr Manager - 02. Contact- BHNSSPL 6267013536, 9425590124. Email ID - edu.bhnsspl@gmail.com (RO-186)

**ऑफिस स्टाफ/सेल्समैन**

आवश्यकता है- एजेंसी में काम करने हेतु ऑफिस स्टाफ (पुरुष एवं महिला), सेल्समैन एवं सप्लायर की आवश्यकता है। (वेतन योग्यता अनुसार +रहने की सुविधा) संपर्क:- अंबिका इंडस्ट्रीज, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर 9993232732, 9993433481.(RO-182)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Reliance jio 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 8102033345.(RO-1049)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के - लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या - 655 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500 + 54500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना + खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार) - 8957118102. (RO-1048)

**Astrology ज्योतिष**

छत्तीसगढ़िया ज्योतिष - काली माता की शक्तिशाली चमत्कारी पुजा अवइया चार महिना (चौमास) भारी कष्टदायक हे आर्थिक मानसिक शारीरिक आदि समाधान बर निःशुल्क संपर्क करव मो. 8461886239 (RO-6825)

फैमिली ज्योतिषी- समस्या समाधान एवं ज्योतिष प्रशिक्षण हेतु मिले। संपर्क- शिवशक्ति काली मंदिर के पास, रावतपुरा कॉलोनी भाटागांव रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल - 94079-32643. (RO-6836)

**Medical चिकित्सा**

चिकित्सक- निःशुल्क होमियोपैथी परामर्श - 30 वर्षीय अनुभवी (एमडी डाक्टर के द्वारा) प्रत्येक शनिवार-रविवार शाम 6:00 से 8:00 असुविधा से बचने के लिए पूर्व में काल कर लें मो. 7898132122, 9407335377 महीने भर की सेवा हेतु पंजीयन अनिवार्य 504- सेन्ट्रम बिल्डिंग भाठागांव चौक रायपुर (RO-6827)

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों की जो सेल्समैन का काम कर सके आवश्यकता है। संपर्क करें - जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मो , 7469980000, 0771-4075490.(RO-6833)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवयश्कता है, वेतन अनुभव एवं योग्यतानुसार। उचित लाइसेंस के साथ सम्पर्क करे। सी पी एस, टाटीबंध, रायपुर, फोन करे 9752148000. (RO-5052)

हरिभूमि क्लासीफाईड

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड — Space Available for Ad. 6263818152

सब कुछ है यहां — पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD — हरिभूमि

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

10X1 FIX SIZE — HEALTH CARE

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाक के परमाणु ठिकाने पर मचाई थी तबाही, सामने आई तस्वीरें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था, और अब इसके स्पष्ट संकेत सैटेलाइट तस्वीरों से सामने आए हैं। पाकिस्तान सरकार ने इस हमले के दौरान कोई नुकसान न होने का दावा किया था, लेकिन नवीनतम सैटेलाइट इमेजरी इसे झूठा साबित कर रही है। विशेष रूप से, गूगल अर्थ से प्राप्त ताजा तस्वीरों में दिख रहा है कि भारत ने पाकिस्तान के किराना हिल्स क्षेत्र में हमल किया था, जिसे पाकिस्तान का एक महत्वपूर्ण परमाणु ठिकाना माना जाता है।

### भारतीय सेना ने तुरंत नहीं दी थी कोई प्रतिक्रिया

ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद भारतीय वायुसेना ने इस हमले की पुष्टि या खंडन नहीं किया था। हालांकि, वायुसेना के डायरेक्टर जनरल एयर ऑपरेशंस, एयर मार्शल एके भारती ने 12 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कहा था कि भारतीय वायुसेना को किराना हिल्स पर कोई परमाणु ठिकाना होने की जानकारी नहीं थी और वहां हमला नहीं किया गया था। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद, कुछ विशेषज्ञों ने यह संभावना जताई है कि भारत ने पाकिस्तान को एक सख्त चेतावनी देने के लिए किराना हिल्स को निशाना बनाया था। डेमियन साइमन ने कहा, तस्वीरों से यह साफ है कि हमला पहाड़ी के एक ऐसे हिस्से में हुआ है, जहां कोई महत्वपूर्ण सैन्य ढांचा नहीं है, और इस हमले से अंडरग्राउंड संरचनाओं को नुकसान नहीं पहुंचा है।

## पाकिस्तान का परमाणु ठिकाना : किराना हिल्स

जून 2025 की सैटेलाइट तस्वीरों ने खुलासा किया है कि भारत ने पाकिस्तान के सरगोधा जिले में स्थित किराना हिल्स पर हमला किया था। इस क्षेत्र को पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम का अहम हिस्सा माना जाता है, और यह अत्यधिक संरक्षित क्षेत्र है, जिसमें अंडरग्राउंड हथियार भंडारण सुविधाएं और परमाणु अनुसंधान केंद्र हो सकते हैं। 1980 के दशक में यहां परमाणु परीक्षण भी किए गए थे।



### डेमियन साइमन ने सैटेलाइट इमेज की वायरल

इस सैटेलाइट इमेज को प्रसिद्ध सैटेलाइट इमेजरी विशेषज्ञ डेमियन साइमन ने विश्लेषित किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे शेयर किया। उन्होंने बताया कि इन तस्वीरों में दो महत्वपूर्ण बातें सामने आई हैं। पहली, मई 2025 में भारत के हमले से किराना हिल्स पर हमले का स्थान, और दूसरी, हमले के बाद सरगोधा एयरबेस की हवाई पट्टियों की मरम्मत की तस्वीरें।

**ऑपरेशन सिंदूर का रणनीतिक महत्व** : किराना हिल्स का भौगोलिक और सैन्य महत्व काफी ज्यादा है, क्योंकि यहां रडार स्टेशन और सैन्य सुरंगें भी मौजूद हैं, जो इसे पाकिस्तान के लिए एक बेहद संवेदनशील हैं। साथ ही, यह सरगोधा हवाई अड्डे के पास स्थित है, जो पाकिस्तान की वायु सेना के लिए एक प्रमुख सैन्य संपत्ति है।

### सरगोधा हवाई अड्डे पर भारतीय हमले का असर

सैटेलाइट तस्वीरों में यह भी दिख रहा है कि सरगोधा हवाई अड्डे की हवाई पट्टियों को भारतीय हमले के बाद तुरंत मरम्मत कर लिया गया। यह दर्शाता है कि यह हवाई अड्डा पाकिस्तान के लिए बेहद महत्वपूर्ण सैन्य संपत्ति है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारतीय वायुसेना ने 9-10 मई की रात को 15 ब्रह्मोस मिसाइलों और अन्य सटीक हथियारों का इस्तेमाल किया था, जिससे पाकिस्तान के 13 प्रमुख हवाई अड्डों में से 11 को नुकसान हुआ था।

**पाकिस्तानी दावे और असलियत** : पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया था कि पाकिस्तानी सेना ने भारत के कुछ सैन्य ठिकानों पर हमला किया था, और इसमें भारत के सुखोई-30 विमान और एस-400 वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया था। लेकिन डेमियन साइमन ने मार्च 2025 की सैटेलाइट तस्वीरों का हवाला देते हुए इन दावों को खारिज किया।

## जैकेट के शेष

### छत्तीसगढ़ अंजोर विजन ...

▶▶ ▶▶आरोप तो कोई भी लगा सकता है, हमारा विजन बस्तर के विकास का है। सरकार का सहयोग होगा तो बस्तर में बड़ी क्रांति आएगी यह बात तय है। लोकल लोग जब वहां बड़ा काम कर सकते हैं तो सोचें सरकार के सहयोग के बाद क्या हो सकता है।

▶▶विजन 2047 में धान की कीमत कितनी देंगे और महतारी वंदन में कितना पैसा देंगे, क्या कुछ सोचा है?

▶▶ ▶▶ वित्तीय स्थिति के हिसाब से हम बहुत चुनौतीपूर्ण स्थिति में काम कर रहे हैं, सभी राज्यों के साथ ऐसा होता है। चुनौती के बीच में भी विकास के काम हो रहे हैं। खेती को सपोर्ट करने का काम तो हमेशा ही होगा चाहे वह 2047 की क्यों न हो। वेलफेयर के काम भी होते रहेंगे। सरकार को किसानों को हर समय समर्थन मूल्य से अतिरिक्त सपोर्ट भी देना ही पड़ेगा।

▶▶ किसान कैसे आत्मनिर्भर हो पाएं और उनको 2047 में मदद की जरूरत न हो इस दिशा में कुछ सोच पा रहे हैं?

▶▶ ▶▶ खेती पर निर्भर लोग भी कम हो जाएंगे ऐसा लगता है। खेती में अभी आधुनिक तकनीक लाने की पूरी कोशिश होगी। जिस तरह से उद्योग बढ़ते हैं उसी तरह से खेती के लिए भी काम होगा। इसके बाद भी लगता है कि खेती को सपोर्ट करने की जरूरत पड़ेगी। उद्योगों को भी सरकार सपोर्ट करती ही है।

▶▶ प्रदेश में भ्रष्टाचार के रहते विजन को कैसे प्राप्त करेंगे?

▶▶ ▶▶ जितनी ज्यादा नई तकनीक आएगी उससे जहां काम में तेजी आएगी, वहीं इससे भ्रष्टाचार भी कम होगा। जितना ज्यादा काम ऑनलाइन होंगे उससे भ्रष्टाचार की संभावना समाप्त होते जाएगी। इसी पर ज्यादा फोकस किया जाएगा।

▶▶भ्रष्टाचार की सोच रखने वालों को कैसे बदलेंगे?

▶▶ ▶▶मैं मानता हूं, पिछले पांच साल में जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा हुआ है। इससे कल्चर बहुत ज्यादा खराब हुआ है। इसको बदलना बहुत बड़ी चुनौती है।

▶▶मुख्यमंत्री और बाकी मंत्रियों का विजन की योजना को लेकर कैसा नजरिया रहा है?

▶▶ ▶▶ राज्य नीति आयोग सभी विभागों के प्लानिंग पार्ट में काम करता है। मुख्यमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं, उनका भरपूर सहयोग रहा है। इसी के साथ सभी मंत्रियों ने अपने विभाग के साथ पूरा सहयोग किया है।

### अब स्कूलों में बच्चों का ....

सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अनिवार्य 'बायोमेट्रिक अपडेट' का समय पर पूरा होना एक अनिवार्य आवश्यकता है। अगर सात वर्ष की आयु के बाद भी अपडेट नहीं किया जाता है तो मौजूदा नियमों के अनुसार, आधार संख्या निष्क्रिय की जा सकती है। यह अपडेट यदि पांच से सात वर्ष की आयु के बीच किया जाता है, तो निःशुल्क है लेकिन सात वर्ष की आयु के बाद अपडेट के लिए 100 रुपए का शुल्क निर्धारित है। इसका उद्देश्य स्कूल में दाखिला, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं आदि जैसी सेवाओं का लाभ (जहां भी लागू हो) उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करना है।

### केदार बोले-गजनी बन ...

श्री कश्यप ने कहा, भूपेश गजनी बन गए हैं। वे भूल गए हैं कि कोयला आवंटन के लिए कई पत्र लिखे और परमिशन भी दिलाने का काम किया है। श्री कश्यप ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, शराब, कोयला, चावल, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में कांग्रेस ने प्रदेश के संसाधनों को जमकर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक-एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा, बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है।

### कोल ब्लॉक अशोक ....

कहा, 2010 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेसनीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। श्री कश्यप ने कहा कि 23 जून 2011 को केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी। श्री कश्यप ने कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई।

### क्या हर अपराधी ....

अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है? श्री कश्यप ने कहा, जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही, तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बीडी कल्ला ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा और राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सप्ताह के भीतर कई पत्र लिखे कोल ब्लॉक आवंटन के लिए। जिसे छत्तीसगढ़ और देश की जनता ने देखा है।

### छत्तीसगढ़ की पहचान ....

है। जनजातियों के इस सुंदर संसार को दुनिया से रूबरू कराने के लिए छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने नवा रायपुर अटल नगर में एक संग्रहालय का निर्माण कराकर एक ही छत के नीचे राज्य की पूरी जनजातीय संस्कृति को जीवंत कर दिया है। नवा रायपुर अटल नगर में करीब 10 एकड़ क्षेत्र में बने आदिवासी संग्रहालय (ट्राइबल म्यूजियम) का लोकार्पण किया था। तब से यह संग्रहालय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आदिवासी संग्रहालय में आने वाली नई पीढ़ी यहां की 14 गैलरियों में छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली 43 जनजातियों की पूरी संस्कृति को नजदीक से देख रही है। हर गैलरी, आदिवासी संस्कृति और परंपरा की पूरी कहानी बयां करती है। यहां छत्तीसगढ़ के विभिन्न जनजातीय समुदायों की जीवनशैली, वेशभूषा, लोककला, रीति-रिवाज और धार्मिक मान्यताओं को दृश्य और डिजिटल माध्यमों से दर्शाया गया है, जिससे नई पीढ़ी टच स्क्रीन और डिजिटल माध्यम से अपनी जड़ों से जुड़ रही है।

### छांगुर बाबा का ....

उपाध्याय को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पत्नी संगीता से पूछताछ हो रही है। ईडी ने तीन दिन पहले उपाध्याय दंपत्ति के लखनऊ के नौबस्ता स्थित मकान पर छापेमारी की थी। मामला सामने आने के बाद राजेश को सस्पेंड कर दिया गया था। अब तक कुल आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कोर्ट के बाबू राजेश उपाध्याय पर आरोप है कि वह छांगुर बाबा के इशारे पर काम करता था। प्रभाव न आने वाले लोगों को छांगुर बाबा राजेश उपाध्याय की मदद से नोटिस भिजवाता था। केस भी दर्ज कराता था।

**बहराइच के कई प्रापर्टी डीलरों ने छांगुर को खरीदवाईं जमीनें**: अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद की मुहिम में प्रापर्टी से आने वाली रकम भी खूब खर्च गई। यहां के कई प्रापर्टी डीलरों ने उसे कई जमीनें खरीदवाईं। इसके बदले छांगुर ने उन्हें अच्छा कमीशन दिया। एटीएस जल्दी ही रडार पर आए इन प्रापर्टी डीलरों से पूछताछ करेगी। छांगुर इन प्रापर्टी डीलरों से ज्यादा मिलता नहीं था। जरूरत पड़ने पर ये लोग बलरामपुर जाते और उसके गिरोह के दूसरे सदस्यों से सम्पर्क कर लौट आते थे। उतरौला के सुभाषनगर, छिपिया, मनकापुर रोड स्थित लालगंज इलाके में कई युवकों की पहचान की गई है जो जमीन की खरीदफरोख्त में लिप्त थे। ये लोग भी छांगुर के सम्पर्क में थे। एटीएस ने अभी इनमे से सिर्फ आधा दर्जन से ही पूछताछ की है। हालांकि ईडी की भी नजर इन प्रापर्टी डीलरों पर है और वह भी पूरी चेन पर होमवर्क कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पार्टी डीलिंग में कुछ अफसरों का भी पैसा लगा है जो जिले में तैनाती के दौरान छांगुर से संपर्क में आए।

### धर्मांतरण में फंसी ...

में पता किया जा रहा है कि जो लव जिहाद में फंसने के बाद दोबारा अपने घर वापस नहीं आईं। लव जिहाद को लेकर भारत नेपाल सीमा पहले से ही संवेदनशील रही है। सीमा के उस पार भी बड़े अड्डे हैं। धर्मांतरण करने वालों को यहां से सीधे बार्डर के उस पार करवा दिया जाता है। नेपाल से वह दूसरे रास्तों के जरिए विभिन्न शहरों में चले जा रहे। अभी तक एटीएस ने जो कार्रवाई की है उसमें इसी तरह का खेल सामने आया है। खुफिया एजेन्सी के एक अफसर का कहना है कि कुछ और साक्ष्य मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पाकिस्तान देश का ....


उद्देश्य भारत-पाकिस्तान के बीच फिर से कुछ 'सुखद यादें' बनाना था। बयान में कहा गया, जब हमें पता चला कि इस वर्ष पाकिस्तान की हॉकी टीम भारत आ रही है और हाल ही में दोनों देशों के बीच वॉलीबॉल जैसे अन्य खेलों में मुकाबले हो रहे हैं तो हमने भी सोचा कि डब्ल्यूसीएल में भारत-पाकिस्तान मैच कराया जाए, जिससे दुनियाभर के प्रशंसकों को कुछ आनंददायक पल मिल सकें। लेकिन लगता है कि इस निर्णय से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इस चैंपियनशिप के सह मालिक है। इसका दूसरा सत्र 18 जून को एजबेस्टन में शुरू हुआ था।

## 134 फ्लाइट डायवर्ट, ओडेसा में तबाही

# मॉस्को पर यूक्रेन का हमला, पुतिन ने भी की ड्रोन-मिसाइल की बरसात

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस की राजधानी मॉस्को समेत कई शहरों पर यूक्रेन ने बड़ा हमला बोला है। इसकी वजह से राजधानी मॉस्को में हवाई सेवा बाधित हो गई है। करीब 134 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। यूक्रेन ने मॉस्को पर 19 कामिकेज ड्रोन दागे हैं। इनमें से कुछ ड्रोन ऊंची इमारतों से टकराए हैं। यूक्रेन ने रूस पर कुल 93 कामिकेज ड्रोन से हमले बोले थे। इन हमलों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तिलमिला उठे हैं। अब रूस यूक्रेन पर 2000 ड्रोनों से हमले की तैयारी कर रहा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर रात भर में नौ क्षेत्रों में 93 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 19 मॉस्को ओब्लास्ट क्षेत्र में थे।



### रविवार की सुबह से ही बमबारी

कीव पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी सेना ने रविवार, 20 जुलाई की तड़के रूस की राजधानी मॉस्को और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए हैं। रूसी टेलीग्राम चैनलों के अनुसार, जेलेनोग्राद के उपनगरीय शहर के निवासियों ने विस्फोटों की आवाज सुनने की सूचना दी। धमाकों से कुछ इमारतों को नुकसान पहुँचा और खिड़कियाँ टूट गईं। रूस के विमानन नियामक संस्था रोसावियात्सिया के अनुसार, मॉस्को की सेवा करने वाले चार प्रमुख हवाई अड्डे - शेरेमेत्येवो, वनुकोवो, डोमोडेडोवो और ज़ुकोवस्की - इन हमलों की वजह से प्रभावित हुए हैं।

### रात भर में 142 ड्रोन मार गिराने का दावा

दूसरी तरफ, रूस के रक्षा मंत्रालय और मॉस्को के मेयर ने कहा कि उन्होंने रात भर में 142 ड्रोन मार गिराए हैं, जिनमें से 27 मॉस्को क्षेत्र में थे। ये ड्रोन कथित तौर पर रूस के यूरोपीय हिस्से के कई क्षेत्रों और काला सागर के ऊपर मार गिराए गए। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि रूसी राजधानी की ओर बढ़ रहे चार ड्रोन शामिल थे, जिन्हें रविवार सुबह मार गिराया गया।

### रूस ने दागी 300 से ज्यादा ड्रोन, 30 क्रूज मिसाइलों से तबाही

वहीं रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। शनिवार रात को रूसी सेना की ओर से यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल दागे गए। इस हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि रूस ने 300 से ज्यादा ड्रोन और 30 से ज्यादा क्रूज मिसाइलें उनकी जमीन पर दागी हैं। जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले में सबसे ज्यादा नुकसान ओडेसा में हुआ है।

### यूक्रेन की बड़ी आवासीय इमारत में लगी आग

रूसी हमले के बाद मेयर हेन्नाडी ट्रूखानोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जहां 20 से ज्यादा ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया गया। हमले से एक आवासीय ऊंची इमारत में आग लग गई। आग लगने के बाद राहतकर्मियों ने पांच लोगों को समय रहते बचा लिया।

## महाराष्ट्रः सदन में मोबाइल पर गेम खेलते दिखे कृषि मंत्री, वीडियो हुआ वायरल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे विवादों में घिर गए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे महाराष्ट्र विधान परिषद में बैठे हुए अपने मोबाइल पर रमी खेलते हुए नजर आ रहे हैं। ये वीडियो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा किया है, जो वायरल हो गया है। रोहित ने कहा कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं और कृषि मंत्री गेम खेल रहे हैं। कोकाटे एनसीपी अजित से जुड़े हैं और फिलहाल सिन्नर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। 2019 का लोकसभा चुनाव उन्होंने नासिक सीट से निर्दलीय लड़ा था, लेकिन हार गए थे। महाराष्ट्र सरकार में उन्हें अजित कोटे से कृषि मंत्री बनाया गया है।

### रोज 8 किसान कर रहे आत्महत्या : रोहित

रोहित ने लिखा, 'सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी समूह भाजपा से पूछे बिना कुछ नहीं कर सकता। इसीलिए जब कृषि संबंधी अनगिनत मुद्दे लंबित हैं और राज्य में हर रोज 8 किसान आत्महत्या कर रहे हैं, तब भी कोई काम नहीं हो रहा है। कृषि मंत्री रमी खेलने में व्यस्त हैं। क्या ये गुमराह मंत्री और सरकार फसल बीमा-कर्ज माफी-नजरिया बदलने की मांग कर रहे किसानों की यह पुकार सुनेंगे कि 'गरीब किसान भी खेत पर आएं महाराज?'

## रूस के कामचटका तट पर एक घंटे में आए 5 शक्तिशाली भूकंप

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस के सुदूर पूर्वी तट कामचटका के पूर्वी तट पर रविवार को एक घंटे के भीतर आए 5 शक्तिशाली भूकंप ने अधिकारियों को चिंतित कर दिया। भूकंप की सबसे अधिक तीव्रता 7.4 मापी गई। मेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने रूस और हवाई के कुछ हिस्सों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, इससे नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र कामचटका क्षेत्र की राजधानी पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से लगभग 140 किलोमीटर पूर्व में था। सबसे पहले पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 142 किलोमीटर दूर 7 की तीव्रता का भूकंप आया था।

### सुनामी की चेतावनी में क्या कहा गया है?

अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र की ओर से कहा गया है कि 7.4 तीव्रता के भूकंप के कारण प्रशांत महासागर में भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर (186 मील) के दायरे में खतरनाक सुनामी की लहरें आ सकती हैं। इसके बाद प्रभावित इलाकों के तटों पर रहने वाले लोगों को दूर जाने के निर्देश दे दिए गए हैं। कामचटका प्रायद्वीप प्रशांत और उत्तरी अमेरिकी टेक्टोनिक प्लेटों का मिलन बिंदु है, जो इसे एक भूकंपीय रूप से सक्रिया बनाता है।

## पेज एक के शेष

### हादसे रोकने रायपुर...

एक प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार के पास भेजा है, जिसे केंद्र की ओर से सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। राज्य में हर वर्ष रोड एक्सीडेंट में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में रोड एक्सीडेंट में मृत हुए लोगों की संख्या 33 हजार 700 थी। सबसे ज्यादा रोड एक्सीडेंट की घटनाएं रायपुर, दुर्ग-भिलाई तथा कोरबा में हुई हैं। रोड एक्सीडेंट में एक तिहाई मृतकों की संख्या इन्हीं तीनों जिलों में रही है। इस वजह से इन तीन शहरों के स्टेट हाईवे, जहां सबसे ज्यादा रोड एक्सीडेंट होते हैं, उन स्पॉट की पहचान कर आईटीएमएस योजना के तहत कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिन जगहों पर कैमरे लगाए जाएंगे, उनमें नेशनल हाईवे से सटे सर्विस रोड भी शामिल हैं।

### आखिरी 26 सेकंड में...

पीछे का हिस्सा अलग हो गया और अपेक्षाकृत कम क्षतिग्रस्त रहा। इससे जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले। जांच में बोइंग, जनरल इलेक्ट्रिक, अमेरिका की एनटीएसबी और ब्रिटेन की सीएए के विशेषज्ञ शामिल हैं। एक अन्य सिद्धांत के तहत ईंधन लीकेज की संभावना भी जांची गई, लेकिन हवाई अड्डे के ईंधन टैंकों और बोसर्स के नमूने सामान्य पाए गए। बोइंग 787 का उन्नत इलेक्ट्रिकल सिस्टम एक इंजन के फेल होने पर भी सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करता है, लेकिन दोनों इंजनों का एक साथ बंद होना रेयर घटना है।

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन' 10-3-311/ए कैसल हिल्स, मासाब टैंक हैदराबाद-500 028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन)-L13100TG1958GOI001674

वर्कस प्रभाग
संविदा विभाग

निविदा–पूर्व बैठक सूचना — दिनांकः 21.07.2025

एनएमडीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक 'नवरत्न' कंपनी है जो **मुख्यालय – हैदराबाद में इन्टग्रैटड कमांड कंट्रोल तथा कमांड सेंटर (आईसीसीसी) की स्थापना और बचेली, किरंदुल तथा दोणिमलै काम्पलेक्स में डिजाइन, निर्माण, वित्त, प्रचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड में सीसीटीवी सर्वेलन्स प्रणाली के कार्यान्वयन** कार्य के लिए 23.07.2025, 1100 बजे निविदा–पूर्व बैठक में भाग लेने के लिए अनुभवी, प्रतिष्ठित तथा सक्षम घरेलू बोलीकर्ताओं को आमंत्रित करती है।

**निविदा–पूर्व बैठक का स्थानः एनएमडीसी लिमिटेड, मसाब टैंक, हैदराबाद।**

बैठक का संक्षिप्त कार्यसूची, कार्य का प्रारंभिक क्षेत्र, समय–सारिणी, परियोजना स्थल आदि जैसे विवरण प्राप्त करने के लिए बोलीकर्ता एनएमडीसी की वेबसाइट **http://www.nmdc.co.in** देख सकते हैं।

इसके अलावा, किसी भी जानकारी के लिए, बोलीकर्ता सीधे अथवा ई–मेल के माध्यम से निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं;

1. श्री आशीष कुमार पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत); ई–मेलः **contracts@nmdc.co.in**
2. श्री अतुल कुमार तिवारी, उप महाप्रबंधक (खान); ई–मेलः **tiwariak@nmdc.co.in**

एनएमडीसी लिमिटेड की ओर से
अधिशासी निदेशक(वर्कस)



**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
खनिज भवन 10-3-311/ए कैसल हिल्स, मासाब टैंक हैदराबाद-500 028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन) - L13100TG1958GOI001674

वर्क्स प्रभाग
संविदा विभाग

निविदा –पूर्व बैठक सूचना — दिनांकः 21.07.2025

एनएमडीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक "नवरत्न" कंपनी है जो **डिजाइन, निर्माण, वित्त, प्रवालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड में दोणिमलै कॉम्प्लेक्स में यूनिफाइड खान लॉजिस्टिक प्रबंधन और सर्वेलन्स प्रणाली (यूएलएमएसएस) के कार्यान्वयन** कार्य के लिए **22.07.2025, 1100 बजे** निविदा–पूर्व बैठक में भाग लेने के लिए अनुभवी, प्रतिष्ठित तथा सक्षम घरेलू बोलीकर्ताओं को आमंत्रित करती है।

**निविदा–पूर्व बैठक का स्थानः एनएमडीसी लिमिटेड, मसाब टैंक, हैदराबाद**

बैठक का संक्षिप्त कार्यसूची, कार्य का प्रारंभिक क्षेत्र, समय–सारिणी, परियोजना स्थल आदि जैसे विवरण प्राप्त करने के लिए बोलीकर्ता एनएमडीसी की वेबसाइट **http://www.nmdc.co.in** देख सकते हैं।

इसके अलावा, किसी भी जानकारी के लिए, बोलीकर्ता सीधे अथवा ई–मेल के माध्यम से निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं;

1. श्री आशीष कुमार पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत); ई–मेलः **contracts@nmdc.co.in**
2. श्री अतुल कुमार तिवारी, उप महाप्रबंधक (खान); ई–मेलः **tiwariak@nmdc.co.in**

एनएमडीसी लिमिटेड की ओर से
अधिशासी निदेशक (वर्क्स)


## शब्द पहेली - 5934

**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 5933का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |

## सूडोकु नवताल - 5944

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल - 5943 का हल

MANGAL SENACHA, BANGALORE



# एक पांव नहीं पर हौसले बुलंद, अरुणिमा ने एवरेस्ट समेत पांच महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फहराया तिरंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी अरुणिमा सिन्हा की कहानी सिर्फ एक पर्वतारोही की विजय गाथा नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय, साहस और आत्मविश्वास की ऐसी मिसाल है, जो हमें सिखाती है कि हालात कितने भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं होता। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया और दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह किया। आज अरुणिमा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने दुनिया की पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फतह हासिल की और तिरंगा फहराया।

■ दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह कर बनीं पहली भारतीय दिव्यांग महिला खिलाड़ी



## लूटपाट की हुई शिकार, खोया एक पैर

अरुणिमा सिन्हा का जन्म 20 जुलाई 1989 को उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के पंडाटोला मोहल्ले में हुआ था। बचपन से ही उन्हें खेल-कूद में गहरी रुचि रही। वह वॉलीबॉल की खिलाड़ी थीं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी इस प्रतिभा के बल पर पहचान बनाई। हालांकि, अरुणिमा की जिंदगी में एक बहुत ही दर्दनाक मोड़ तब आया, जब अप्रैल 2011 में वह लखनऊ से दिल्ली की यात्रा कर रही थीं। एक सोने की चेन के लिए कुछ बदमाशों ने उन्हें चलती ट्रेन से फेंक दिया था। हादसे में उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे और डॉक्टरों को मजबूरन उनका एक पैर काटना पड़ा। उनकी जगह कृत्रिम पैर लगाया गया। इस दर्दनाक हादसे ने अरुणिमा का हौसला तोड़ने के बजाए उन्हें और मजबूत कर दिया। कुछ ही महीनों में जब उनकी तबीयत में सुधार हुआ, तो उन्होंने एक ऐसा निर्णय लिया, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का संकल्प लिया।

## अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर तिरंगा फहराया

सिर्फ दो साल के भीतर, 2013 में अरुणिमा सिन्हा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। वह दुनिया की पहली दिव्यांग महिला बनीं, जिसने एवरेस्ट फतह किया। इस कठिन यात्रा के दौरान उनके कृत्रिम पैर से खून बहता रहा, वे बार-बार गिरीं, लेकिन हर बार उठीं और आगे बढ़ती रहीं। अरुणिमा का सफर यहीं नहीं रुका. एवरेस्ट के बाद उन्होंने पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों में शामिल माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट कोजिअस्को (ऑस्ट्रेलिया), माउंट अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका), कार्स्टेन्ज पिरामिड (इंडोनेशिया) और माउंट एल्ब्रुस (यूरोप) पर भी चढ़ाई की। यही नहीं, उन्होंने अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर भी तिरंगा फहराया। अरुणिमा सिन्हा का यह पूरा सफर उनके धैर्य, दृढ़ता और दृढ़ विश्वास की कहानी को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप



### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से रौंदा

**मीरपुर (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन के शानदार अर्धशतक और अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत रविवार को टी20 श्रृंखला के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 4.3 ओवर रहते सात विकेट से शिकस्त दी। परवेज ने 39 गेंदों में तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 56 रनो की पारी खेली, जिससे बांग्लादेश ने 15.3 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी का न्योता दिया और उसे 19.3 ओवर में 110 रन पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश के लिए परवेज और तौहीद हृदय (36) ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े, जिससे मुश्किल पिच पर यह साझेदारी अहम साबित हुई। तीन टी20 मैच की श्रृंखला का दूसरा मैच मंगलवार को खेला जाएगा।

### तैराक नटराज ने किया सेमीफाइनल क्वालीफाई

**बर्लिन।** तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाए गए 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।



### भाटिया संयुक्त 34वें और राय संयुक्त 44वें स्थान पर

**पोर्टरश।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने ब्रिटिश ओपन के तीसरे दौर में एक-अंडर 70 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त 34वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया ने सातवें और नौवें होल पर दो बर्डी लगाई लेकिन आखिरी नौ होल में वह दो बोगी कर बैठे। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय शुरुआती दो दौर की लय को बरकरार नहीं रख पाए और पार 71 का कार्ड खेलने के बाद 18 स्थान नीचे खिसक कर संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर आ गए।

### मुक्केबाजीः निशांत देव ने इवांस को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के फ्रिस्को में स्थानीय मुक्केबाज लाकुआन इवांस को तकनीकी नॉकआउट आधार पर हराया। 24 वर्ष के निशांत ने सुपर वेल्टरवेट मुकाबले के छठे दौर में जीत दर्ज की, जो पेशेवर सर्किट पर उनकी लगातार तीसरी जीत है। निशांत ने लगातार घूंसे बरसाए, जिसके बाद रैफरी ने एक मिनट 58 सेकंड के बाद मुकाबला रोक दिया।



## मैनचेस्टर टेस्ट में तोड़ सकते हैं 19 साल पुराना रिकॉर्ड, मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे

# गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने से 25 रन दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में जबरदस्त लय में नजर आ रहे हैं। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के पास इतिहास रचने का मौका होगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें मैनचेस्टर टेस्ट में सिर्फ 25 रन और बनाने होंगे। उन्होंने तीन मैचों में 600 से अधिक रन बना लिए हैं।

### तोड़ सकते हैं युसूफ का रिकार्ड

इंग्लैंड के खिलाफ एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एशियाई बल्लेबाजों के बीच पाकिस्तान के मोहम्मद युसूफ के नाम है। उन्होंने साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में 631 रन बनाए थे। वहीं गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में तीन मैचों की 6 पारियों में 607 रन बना चुके हैं। उन्हें युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए चौथे टेस्ट मैच में 25 रन और बनाने होंगे। इस सीरीज में अब तक गिल एक दोहरा शतक और दो शतक जड़ चुके हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 269 रन है। अगर वह चौथे टेस्ट में 25 रन बना लेते हैं तो वह मोहम्मद युसूफ का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।



### जायसवाल का रिकॉर्ड खतरे में

इस मैच में शुभमन गिल के पास कुछ और भी रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा। मैनचेस्टर टेस्ट मैच में गिल अगर 146 रन बना लेते हैं तो वह भारत और इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। यह रिकॉर्ड फिलहाल इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच के नाम है। उन्होंने 1990 में एक सीरीज में 752 रन बनाए थे। गिल इसके साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं। उनके पास यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ने का मौका है। 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जायसवाल ने 712 रन बनाए थे। गिल को जायसवाल से आगे निकलने के लिए 106 रन और बनाने होंगे। अब इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट मैच में गिल कितने रिकॉर्ड अपने नाम करते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

### बुमराह के पास ईशांत को पीछे करने का मौका

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने नाम एक खास रिकॉर्ड बना सकते हैं। वह एक विकेट लेते ही इंग्लैंड में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे कर लेंगे और खास अर्धशतक लगा देंगे। बुमराह ने अभी तक इंग्लैंड की धरती पर 11 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें 49 विकेट हासिल किए हैं। अगर वह चौथे टेस्ट मैच में तीन विकेट लेने में कामयाब हो जाते हैं, तो वह ईशांत शर्मा को पीछे करके इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। ईशांत ने इंग्लैंड में कुल 51 विकेट हासिल किए हैं। जिस तरह की फॉर्म में बुमराह चल रहे हैं। उससे वह आसानी से ईशांत को पीछे कर सकते हैं। फिर वह टॉप पर होंगे और नंबर-1 का ताज हासिल कर लेंगे।

## फिडे महिला विश्व कप

# सोंग से रोमांचक ड्रॉ के बाद सेमीफाइनल में पहुंचीं हम्पी

एजेंसी ▶▶| बातुमी (जॉर्जिया)

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रविवार को चीन की अंतरराष्ट्रीय मास्टर युक्सिन सोंग को चित करके फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सफेद मोहरों से पहला गेम जीतने के बाद हम्पी अंतिम चार में पहुंचने से केवल एक ड्रॉ दूर थीं और उन्होंने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ दूसरे गेम में कड़े मुकाबले में ड्रॉ के बाद यह उपलब्धि हासिल की। चौथा स्थान पक्का होने के साथ हम्पी को शीर्ष तीन में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे, जिससे उन्हें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह भी मिल जाएगी, जिसके लिए यहां से शीर्ष तीन खिलाड़ी क्वालीफाई करेंगी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. हरिका और हमवतन अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा, जिसका मतलब है कि दोनों सोमवार को होने वाले टाई-ब्रेक में भिड़ेंगी। ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली पूर्व विश्व महिला चैंपियन चीन की झोंगयी टैन के खिलाफ हार गईं जबकि उन्होंने पहला गेम ड्रॉ खेला था। टैन के अलावा चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई भी जॉर्जिया की नाना दजाग्निद्जे को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गईं।



## शतरंज : कार्लसन तीसरे स्थान के लिए अमेरिकी खिलाड़ी नाकामुरा से भिड़ेंगे

**लास वेगास (अमेरिका)।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने लय में वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन एरिगेसी को 2-0 और आर प्रज्ञानानंदा को 3-1 से शिकस्त दी। अब 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में हैंस मोके नीमन का सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा जबकि कार्लसन तीसरे स्थान के लिए दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा से भिड़ेंगे। कार्लसन के लिए दोनों मैच काफी रोमांचक रहे क्योंकि इससे पहले प्रज्ञानानंदा ने उन्हें टूर्नामेंट जीतने का मौका हासिल करने से महरूम कर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस मिनी-मैच के पहले गेम में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने 'रिटर्न गेम' में वापसी की और जीत हासिल कर टूर्नामेंट में वापसी की।

## बैडमिंटन

# भारत ने हांगकांग को हराया, ग्रुप डी में शीर्ष पर, अब जापान से भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| सोलो (इंडोनेशिया)

भारत ने रविवार को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में हांगकांग चीन को 110-100 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा और ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और हांगकांग दोनों इस मैच से पहले ही नॉक-आउट चरण में अपनी जगह पक्की कर चुके थे। रुजुला रामू ने आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर एक बार फिर भारत को जीत से शुरुआत कराई। इसके बाद भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की दुनिया की छठे नंबर की युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और देंग ची फाई के खिलाफ बढ़त 22-13 कर दी। हांगकांग के लाम का तो ने 13 अंक बनाकर अपनी टीम को अंतर कम करने में मदद की लेकिन रौनक चौहान भारत को 33 अंक तक ले गए। पांच मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच 55-49 के स्कोर से छह अंक का अंतर था। फिर जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने दूसरे बालिका एकल में लियू होई किउ अन्ना पर दबदबा बनाते हुए 66-54 से बढ़त बनाकर भारत को एक बार फिर बढ़त दिला दी। हालांकि अगले चार मैच बराबरी के रहे, पर भारत ने बढ़त बनाए रखी और ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सोमवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना जापान से होगा। जापान ग्रुप ए में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में किया था, जिसमें उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था।

■ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

## कम्बोज की टेस्ट टीम में एंट्री, नए सितारे की दस्तक, नीतिश का खेलना संदिग्ध

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। कम्बोज का यह पहला टेस्ट मैच होगा। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं।



सूत्रों के अनुसार भारतीय आल राउंडर नीतिश कुमार रेड्डी का भी चौथे टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उन्हें रविवार को जिम सत्र के दौरान घुटने में चोट लग गई। सूत्र ने कहा, 'नीतिश को आज जिम में ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई।' रेड्डी दूसरे और तीसरे टेस्ट में अंतिम एकादश का हिस्सा थे।

आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है, जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बायें हाथ में चोट लगी थी।

## महिला यूरो 2025



**बेसल।** स्विट्जरलैंड के बेसल में सेंट जैकब–पार्क में फ्रांस और जर्मनी के बीच महिला यूरो 2025 क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती जर्मनी की खिलाड़ी।


## स्टार लांग जंपर मुरली ने पुर्तगाल एथलेटिक्स मीट में जीता खिताब

# श्रीशंकर ने लगाई 7.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार लांग जंपर मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के कांस्य स्तर के टूर्नामेंट मीटिंग माइया सिडाडे डो डेसपोर्टो में 7.75 मीटर की कूद लगाकर खिताब जीत लिया। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उन्होंने 7.63 मीटर की कूद के साथ शुरूआत की और दूसरे दौर में 7.75 मीटर की कूद लगाई। तीसरी कूद में उन्होंने 7.69 मीटर का फासला नापा। अगला प्रयास फाउल रहा और इसके बाद 6.12 और 7.58 मीटर की कूद लगाई। पोलैंड के पियोत्र तारकोवस्की ने भी 7.75 मीटर की कूद लगाई लेकिन उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.58 मीटर था, जो श्रीशंकर के 7.69 मीटर से कम था। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार अगर दो खिलाड़ियों में टाई होता है तो दूसरी वैध कूद को टाइब्रेकर माना जाता है। घुटने के आपरेशन के कारण लंबे समय खेल से दूर रहे श्रीशंकर ने इस महीने की शुरूआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट के जरिए वापसी की है। उनकी नजरें सितंबर में टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर लगी है, जिसके लिए स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। वह 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में टूर्नामेंट खेलेंगे, जिसके लिए सरकार ने 5.58 लाख रुपए मंजूर किए है।

14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में खेलेंगे टूर्नामेंट



### 8 मीटर का आंकड़ा कर चुके हैं पार

26 वर्षीय मुरली श्रीशंकर ने अपनी छलांग की शुरुआत 7.84 मीटर से की, फिर इसे बेहतर करते हुए 7.99 मीटर तक पहुंचे। इसके बाद 8 मीटर का आंकड़ा पार किया। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालिफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। लगभग दो साल पहले चीन के हांगझोउ में हुए 2023 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के बाद मुरली श्रीशंकर का यह पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन था।

## उड़ान ने शॉपकिराना का किया अधिग्रहण




**मुंबई।** उड़ान ने खुदरा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप शॉपकिराना के अधिग्रहण की घोषणा की। बयान में कहा गया, इंदौर, भोपाल, लखनऊ, आगरा, सूरत और मेरठ जैसे छोटे व मझोले शहरों में मजबूत उपस्थिति के साथ शॉपकिराना, उड़ान की राष्ट्रीय बाजार उपस्थिति को और मजबूत करता है। उड़ान एक प्रमुख ई-बी2बी व्यापार मंच है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में तीन अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.05 अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# धनी भारतीयों को विदेश में बसने आव्रजन कंपनियां दे रहीं ऑफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यदि आप पांच से 10 लाख रुपये मासिक कमाते हैं, या किसी स्टार्टअप या होटल में कुछ हजार डॉलर का निवेश कर सकते हैं, या सिर्फ एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, तो एक वैश्विक आव्रजन सलाहकार आपको कई देशों में बसाने का वादा कर सकता है। देशों में विकल्प फ्रांस और इटली से लेकर मिस्र और ग्रेनेडा तक हैं। वैश्विक आव्रजन कंपनी गैरेंट.इन के संस्थापक एंड्रयू बोइको ने कहा, विकल्प स्पष्ट है। उदाहरण के लिए, आप गुरुग्राम में एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, लेकिन इससे आपको इटली में रहने की सुविधा नहीं मिलेगी।

■ स्टार्टअप या होटल में कुछ हजार डॉलर निवेश कर सकते हैं

### यदि आप पांच से दस लाख रुपए मासिक कमाते हैं

#### विदेशों में बसना भारतीयों को पसंद आ रहा

बोइको ने कहा, "भारतीय बहुत व्यावहारिक होते हैं। वे बिना किसी फ़ायदे के चंदा नहीं देना चाहते (कुछ देशों द्वारा नागरिकता या निवास के लिए मांगा जाने वाला चंदा) क्योंकि वे अपना पैसा वापस चाहते हैं। वे अपने निवेश पर रिटर्न भी चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि यहीं पर वित्तीय स्वतंत्रता और निवेश जैसे कार्यक्रम विदेशों में बसने के इच्छुक भारतीयों को पसंद आ रहे हैं।



#### फ्रांस, इटली और मिस्त्र पंसदीदा देशों में

भारतीयों के लिए सबसे पसंदीदा देशों में फ्रांस, इटली, मिस्र और ग्रेनेडा शामिल हैं। बोइको ने बताया कि विदेश जाने की चाह रखने वाले भारतीयों में उन्होंने एक अहम बात देखी गई है कि विदेश जाने के मामले में भी भारतीय निवेशक की तरह होते हैं।

#### यूरोप में आप कहीं भी रह सकते हैं

लेकिन अगर आप इटली में उतनी ही कीमत का अपार्टमेंट खरीदते हैं, तो आप वहां या यूरोप में कहीं भी रह सकते हैं, साथ ही कई अन्य देशों तक आसानी से पहुंच भी पाएंगे। अमीर भारतीयों में विदेश में बसने की तीव्र रुचि को देखते हुए यह कदम उठाया गया।

#### केवल तीन माह में 4000 आवेदन आए

दुबई स्थित इस कंपनी ने नई दिल्ली में एक पूर्ण कार्यालय खोला है और जल्द ही मुंबई में एक कार्यालय और फिर देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कुछ कार्यालय खोलने की योजना बना रही है। बोइको ने कहा कि उनकी कंपनी को भारत से केवल तीन महीनों में 4,000 से अधिक 'अनुरोध' प्राप्त हुए हैं।


#### स्थिर आय प्रभाव दिखाना होता है

वित्तीय स्वतंत्रता कार्यक्रम के तहत, किसी व्यक्ति को किसी देश में निवास प्राप्त करने के लिए एक निश्चित सीमा से अधिक स्थिर आय प्रवाह दिखाना होता है, और कुछ वर्षों के बाद, पात्र नियमों और शर्तों के अधीन, यह नागरिकता में परिवर्तित हो जाता है।

## पहली छमाही में 24 कंपनियों ने आईपीओ से 45,000 करोड़ जुटाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार अड़चनों, भू-राजनीतिक संघर्ष और व्यापक आर्थिक चिंताओं के बावजूद 2025 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 45,350 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान आईपीओ की संख्या घटकर 24 रह गई,




जो 2024 की जनवरी-जून अवधि में 36 थी। इससे पता चलता है कि आईपीओ के औसत आकार में वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे चलकर घरेलू निवेश के मजबूत प्रवाह, सकारात्मक निवेशक धारणा और मजबूत वृद्धि की संभावना के कारण 2025 की दूसरी छमाही में आईपीओ बाजार के सतर्क रूप से मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

मर्चेंट बैंकर द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून के दौरान 24 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 45,351 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 36 कंपनियों ने 31,281 करोड़ रुपये जुटाए थे।

## इस सप्ताह सीमित दायरे में कारोबार करेगा सोना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने का भाव इस सप्ताह एक सीमित दायरे में रहेगा। विश्लेषकों का मानना है कि निवेशक वैश्विक व्यापार वार्ता के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व के संकेतकों का भी इंतजार है, ऐसे में सोने की कीमतों में बहुत उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन तथा यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वैश्विक खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़ों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सर्राफा कीमतों की दिशा जानने के लिए यूरोपीय केंद्रीय बैंक के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी सभी की निगाह रहेगी। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष, ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध प्रणव मेर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में व्यापार वार्ता के नतीजों, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की टिप्पणियों, अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी।



■ निवेशक वैश्विक व्यापार वार्ता के नतीजों का कर रहे इंतजार

डमरू बजे गगन में, गूंजे शिव का नाम,
सावन का महीना लाया फिर से वो सुखद पवित्र काम।
शिव शंकर की कृपा बरसे हर ओर,
जय महाकाल, गूंजे हर घर-आंगन, हर भोर।

॥ जय भोलेनाथ ॥







श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान शिव को समर्पित पवित्र माह की शुरुआत हो जाती है। इसे देवों के देव महादेव का प्रिय महीना माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस मास में यदि श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर केवल एक लोटा जल भी अर्पित किया जाए, तो भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

सावन में आने वाले प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस दिन व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्रियां अर्पित करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि सावन के पहले सोमवार को किस विधि से शिव पूजन किया जाना चाहिए।

सोमवार को कैसे करें पूजन?

इस दिन प्रातःकाल स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। शिवलिंग की पूजा के लिए मंदिर जाएं या घर पर शिवलिंग स्थापित करके श्रद्धा और नियम से पूजन करें। शिवलिंग का अभिषेक जल, दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से करें। इसके बाद बेलपत्र, सफेद पुष्प, धतूरा, आक, अक्षत और भस्म अर्पित करें।




काल भी जिससे कांपे,
मेरा भोलेनाथ वो त्रिलोक का स्वामी है।
तांडव जिसकी लय है,
ऐसा मेरा भोलेनाथ है।












# अमेरिका लाखों मक्खियों को पैदा कर उन्हें विमानों से जमीन पर गिराने की बना रहा योजना

**वॉशिंगटन।** आसमान में विमानों से करोड़ों मक्खियों का गिरना किसी बुरे सपने जैसा लग सकता है। लेकिन, विशेषज्ञों का कहना है कि यह अमेरिका की दक्षिण-पश्चिम सीमा पर आक्रमण करने वाले एक मांसाहारी खतरे के खिलाफ पशुओं का सबसे अच्छा बचाव साबित हो सकता है। यह पूरा क्षेत्र न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म का प्रकोप झेल रहा है। यह एक प्रकार की मक्खी का लार्वा रूप है, जो गर्म खून वाले जानवरों के घावों में घोंसला बनाता है और उन्हें धीरे-धीरे जिंदा खा जाता है। यह प्रकोप 2023 की शुरुआत से पूरे मध्य अमेरिका में फैल रहा है। इसका संक्रमण पनामा, कोस्टा रिका, निकारागुआ, होंडुरास, ग्वाटेमाला, बेलीज़ और अल सल्वाडोर में दर्ज किया गया है।

## नवंबर में मेक्सिको पहुंची थी यह बीमारी

न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म नाम की यह मक्खी नवंबर में दक्षिणी मेक्सिको पहुंची, जिससे अमेरिकी कृषि उद्योग के अधिकारियों में चिंता पैदा हो गई और सीमावर्ती क्षेत्र के कई मवेशी, घोड़े और बाइसन व्यापारिक बंदरगाहों को बंद करना पड़ा। यह पहली बार नहीं होगा जब अमेरिका को इन आक्रामक कीड़ों से जूझना पड़ा हो। 1960 और 1970 के दशक में अमेरिका ने न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म की आबादी को लगभग पूरी तरह से खत्म कर दिया था। तब अमेरिका ने इस प्रजाति के नसबंदी किए गए नर मक्खियों का प्रजनन कर उन्हें जंगली मादा मक्खियों के साथ संभोग के लिए विमान में भरकर जंगलों में गिरा दिया गया था।

## मक्खियों का मुकाबला करेगी यह रणनीति

*यह रणनीति मूलतः मक्खियों से मक्खियों का मुकाबला का था। इससे धीरे-धीरे कीड़ों की आबादी को कम करती गई क्योंकि इससे उन्हें और अंडे देने से रोका गया। अब, जब ये कीड़े उत्तर की ओर फैल रहे हैं, तो अधिकारियों को उम्मीद है कि यह तरीका फिर से कारगर हो सकता है। हालांकि, आज पनामा में केवल एक ही फैसिलिटी है जो न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म के प्रसार के लिए उन्हें प्रजनन कराती है। 80 अमेरिकी सांसदों द्वारा 17 जून को लिखे गए एक पत्र के अनुसार, इस प्रकोप को धीमा करने के लिए करोड़ों और बांझ मक्खियों की आवश्यकता है।*

## न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म का प्रकोप झेल रहा है अमेरिका



## 200 से 300 अंडे देती है एक मक्खी

कॉफमैन ने बताया, "संभोग के बाद, मादा मक्खी एक जीवित मेजबान को ढूंढती है, उसके घाव पर बैठती है, और 200 से 300 अंडे तक देती है।" "12 से 24 घंटों के बाद, ये सभी अंडे फूट जाते हैं, और वे तुरंत उस जानवर के ऊतकों में बिल बनाकर खाना शुरू कर देते हैं, जिससे बहुत बड़े घाव बन जाते हैं।" टेक्सास पशु स्वास्थ्य आयोग के उप-कार्यकारी निदेशक और सहायक राज्य पशुचिकित्सक थॉमस लैंसफोर्ड के अनुसार, लार्वा कई दिनों तक अपने तीखे मुंह वाले हुक से ऊतक को खाते रहते हैं, जिसके बाद वे जानवर से गिरकर जमीन में धंस जाते हैं और बाद में पूरी तरह से विकसित वयस्क मक्खियों के रूप में बाहर निकलते हैं।



## स्क्रूवर्म के खतरे जानें

न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म, कोक्लिओमिया होमिनिवोरैक्स नामक एक धात्विक नीली ब्लो फ्लाई प्रजाति के परजीवी लार्वा हैं। टेक्सास एंड एम विश्वविद्यालय में कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ फिलिप कॉफमैन ने बताया कि पश्चिमी गोलार्ध में पाई जाने वाली अन्य सभी ब्लो फ्लाई के विपरीत, न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म मृत जानवरों के बजाय जीवित जानवरों का मांस खाता है। मांस खाने वाले ये कीड़े घोड़ों और गायों सहित अधिकांश गर्म रक्त वाले जानवरों को अपना शिकार बनाते हैं। कॉफमैन ने बताया कि ये कीड़े घरेलू पालतू जानवरों और यहां तक कि दुर्लभ मामलों में मनुष्यों को भी संक्रमित करते पाए गए हैं।

# सावन में इस गांव की महिलाएं नहीं पहनती कपड़े, वर्षों से चली आ रही परंपरा

**नई दिल्ली।** भारत देश विविधताओं का देश है। यहां पर अलग-अलग राज्यों में कई तरह की मान्यताएं और कल्चर है। ऐसे में तीज-त्योहार के वक्त भी अलग-अलग इलाकों में इसे मनाने का अलग तरीका होता है। कुछ ऐसा ही सावन के पावन माह में भी होता है। दरअसल, देश का एक गांव ऐसा भी जहां महिलाएं बिना कपड़ों सावन महीने में रहती हैं। आप सोच रहे होंगे ये कैसे हो सकता है, लेकिन ऐसा होता है और इसके पीछे है एक खास मान्यता।



## पुरुषों पर भी है संयम का नियम

इस दौरान सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरुषों पर भी सख्त नियम लागू होते हैं। उन्हें इन दिनों में मांसाहार और शराब का सेवन पूरी तरह से वर्जित होता है। गांववालों का मानना है कि अगर पुरुष या महिला, कोई भी इस नियम का उल्लंघन करता है तो देवता नाराज हो सकते हैं, जिससे पूरे गांव पर संकट आ सकता है।

## पहाड़ी राज्य हिमाचल में मान्यता

हिमाचल प्रदेश की मणिकर्ण घाटी में स्थित पीणी गांव अपनी अनोखी सांस्कृतिक परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। यहां हर साल सावन के महीने में एक ऐसा अनूठा रिवाज निभाया जाता है, जिसे सुनकर लोग हैरान रह जाते हैं। इस परंपरा के तहत शादीशुदा महिलाएं पांच दिनों तक लगभग निर्वस्त्र रहती हैं। हालांकि, आधुनिक समय में अब महिलाएं शरीर पर एक पतला और महीन वस्त्र धारण कर लेती हैं, लेकिन परंपरा की मूल भावना अब भी बरकरार है।

## परंपरा की आस्था और मान्यता


इस प्रथा को लेकर गांव में गहरी धार्मिक मान्यता है। माना जाता है कि यदि कोई महिला इन पांच दिनों की परंपरा का पालन नहीं करती है, तो उसे जल्द ही कोई अशुभ समाचार मिलता है या उसके जीवन में कोई अनहोनी घट जाती है। यही वजह है कि महिलाएं इस परंपरा को बिना किसी झिझक के पूरी श्रद्धा और गंभीरता से निभाती हैं। इन पांच दिनों में पति-पत्नी एक-दूसरे से कोई बातचीत नहीं करते, न ही एक साथ समय बिताते हैं। सामाजिक रूप से भी वे एक-दूसरे से दूरी बनाए रखते हैं। यह मानसिक और भावनात्मक संयम की परीक्षा का समय होता है। जब दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही है, पीणी गांव जैसे स्थान हमें यह याद दिलाते हैं कि परंपराएं केवल रीति नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना का हिस्सा होती हैं। यह रिवाज भले ही बाहरी लोगों को अजीब लगे, लेकिन गांव वालों के लिए यह आस्था और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है, जिसे वे पूरी श्रद्धा से निभाते आ रहे हैं।

# 75 साल पुराने पत्र ने खोला ऐसा रहस्य

**बर्लिन।** कभी-कभी कुछ ऐसा होता है, जिससे पुराने रहस्य का खुलासा हो जाता है। अब एक ऐसी ही घटना सामने आई है, जिसके बारे में जानकर आपके लिए यकीन करना मुश्किल होगा। दरअसल, जर्मनी के बवेरिया में साल 2023 में सरकारी दस्तावेजों की डिजिटलीकरण प्रक्रिया के दौरान एक 75 साल पुराना पत्र मिला। साल 1949 में इस पत्र को लिखा गया था, जिसमें एक जूते के डिब्बे का जिक्र किया गया था। इसमें पीले रंग के चमकदार टुकड़े रखे थे। इस पत्र ने वैज्ञानिकों को हम्बोल्टाइन तक पहुंचा दिया। यह एक बेहद दुर्लभ खनिज है और दुनिया में अभी तक सिर्फ 30 जगहों पर मौजूद है।

## हम्बोल्टाइन क्या है?

हम्बोल्टाइन एक ऑर्गेनिक मिनरल है। यह एक ऐसा है खनिज जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन जैसे तत्व धातु के साथ क्रिस्टल संरचना में बंधे रहते हैं। इसकी रासायनिक संरचना में आयरन और ऑक्सालेट होता है। यह एक पीले रंग का नरम, रेजिन जैसे चमक वाला खनिज बनता है। प्राकृतिक रूप से यह खनिज तब बनता है, जब आयरन युक्त चट्टानों का कुछ खास एसिडिक वातावरण में नम स्थितियों में संपर्क होता है। इसकी




बनावट को ही एक भूवैज्ञानिक चमत्कार माना जाता है। इस खोज के प्रमुख बवेरिया स्टेट ऑफिस फॉर द एनवायरनमेंट के वैज्ञानिक रोलैंड आइशहॉर्न हैं। उनकी टीम ने डिब्बे में रखे पीले टुकड़ों की पुष्टि की, तो यह साफ हो गया कि यह हम्बोल्टाइन है। इस खोज से जर्मनी में इस दुर्लभ खनिज का स्टॉक एक पल में दोगुना हो गय। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बार मिले हम्बोल्टाइन के टुकड़े हेजलनट जितने बड़े हैं। यह खनिज भूरे कोयले (ब्राउन कोल) की परतों में कैसे बने। यह अभी भी एक रहस्य है। इस खोज से भूगोल के साथ ही तकनीक की दुनिया में भी रुचि जगा दी है। हम्बोल्टाइन की इलेक्ट्रॉन शटलिंग क्षमता से भविष्य की ग्रीन टेक्नोलॉजी...खासकर सुरक्षित, हाई-कैपेसिटी लिथियम-आयन बैटरी कैथोड के लिए उपयुक्त बन सकती है।

## गंगा में तैरता मिला रहस्यमयी पत्थर लोगों ने बताया श्रीराम का चमत्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के ददरी घाट, हनुमानगढ़ में एक चौंकाने वाली घटना ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। गंगा नदी में तैरता हुआ एक विशाल पत्थर मिला है। बताया जा रहा है कि इसका वजन ढाई से तीन क्विंटल है। स्थानीय मंदिर के पुजारी के मुताबिक, सुबह मंदिर पहुंचने पर भक्तों ने उन्हें बताया किया कि गंगा में एक विशाल पत्थर तैरता हुआ मिला है। भक्तों और स्थानीय लोगों ने मिलकर इस पत्थर को नदी के किनारे लाया। महंत रामाश्रय के मुताबिक, यह पत्थर त्रेतायुग से जुड़ा हो सकता है। रामायण में वर्णित है कि भगवान श्रीराम ने लंका पहुंचने के लिए रामसेतु का निर्माण ऐसे ही तैरते पत्थरों से किया था।

## जानलेवा हुआ एआई? अपनी जिंदगी बर्बाद करने वाले सवाल पूछ रहे हैं लोग

**लंदन।** आज के इस आधुनिक और डिजिटल दौर में हम किसी भी सवाल का जवाब कुछ ही सेकंड में पा लेते हैं। मिसाल के तौर पर जब हम किसी लफ्ज का मतलब क्या है, या किसी नए देश में सबसे सस्ता सफर कैसे करें। ये पूछते हैं तो हमें फटाफट और तफसील से जवाब मिल जाता है। चैटजीपीटी, जेमिनी जैसे एआई चैटबॉट्स आज हर तरह की जानकारी का आसान जरिया बन चुके हैं।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

SHREE RAM MULTI SPECIALITY HOSPITAL
लोकः समस्त सुखिनों भवन्तु
70 बिस्तरीय हॉस्पिटल
उच्चस्तरीय क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा सेंटर
FACILITIES :
• जनरल मेडिसीन • जनरल सर्जरी
• प्रसूति एवं स्त्री रोग • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी
• बर्न एवं चोट • यूरोलॉजी • नेफ्रोलॉजी • पीडियाट्रिक
• गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी • नाक, कान, गला • डेंटल
• फीजियोथेरेपी • ऑप्थल्मोलॉजी • कैंसर
• कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी
स्त्री रोग के लिए संपर्क करें
24x7
आपातकालीन सेवा, ट्रॉमा सेंटर एवं गंभीर मरीजों का उचित देखभाल
आपातकालीन के लिए
8404 8404 79
CSPDCL कर्मचारियों के लिए कैशलेश | आयुष्मान योजना द्वारा निःशुल्क उपचार
Near Railway Under Bridge, Basant Vihar Gate No. 1, Gondwara Chowk, Gudhiyari, Raipur (C.G.)
Phone : 0771-4343161, 4340162, Email : shreeramhospital.op@gmail.com
website : www.srmhraipur.com




LOW DOWN PAYMENT ₹8,999~
EXCHANGE OFFER ₹3,000$
Scan to WhatsApp
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. +Fastest compared to all oil & air cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing, with a 0-60 km/h acceleration time of 5.7 seconds. **Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS OBD2B Variant in Chhattisgarh. ^The discount is applicable on minimum transaction of Rs.1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply. ~Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. $Exchange Bonus available on Xtreme 125R Variants is valid from 21st July to 28th July.
BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK apno ka bank
pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,000 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI^
अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, धमधाः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, डोंगरगांवः किरण मोटर्स 9754069392, गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, विक्की मोटर्सः 9755583102, शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, अंकित ऑटोः 9425240565, श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, युवराज मोटर्स 8085160380, आरसन मोटर्स 9340335266, हर्ष ऑटो 8109502100, दिव्या ऑटो 9893492107, प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, गुरुनानक ऑटो 9425596290, साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, किरन ऑटोकेयर 9754069392, राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, भारत मोटर्स 9993417123, अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983.
FCB INTERFACE/2074/JULY25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com